TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | मंगल कलश यात्रा में गूंजा 'हर-हर महादेव'... (पेज-3) | पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-34 | मूल्य ₹7 | रविवार | दिनांक- 02.08.2026

# आगरा को मिलेगी नई आध्यात्मिक पहचान, बल्केश्वर पार्क बनेगा 'शिव लोक थीम पार्क'

## 'महाकाल लोक' की तर्ज पर बनेगा 8.81 करोड़ से बनेगा भव्य 'शिव लोक थीम पार्क'

- 16,000 वर्ग मीटर में भगवान शिव के 19 अवतारों के दर्शन, लगेगा विशाल स्टैच्यू
- नंदी द्वार, फाउंटेन और साउंड एंड लाइट शो से मिलेगी धार्मिक और आधुनिक अनुभूति

टीएनएफ टुडे, आगरा।

योगी सरकार प्रदेश में बुनियादी ढांचे के साथ- साथ धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को भी तेजी से बढ़ावा दे रही है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए उज्जैन के 'महाकाल लोक' की तर्ज पर आगरा के ऐतिहासिक बल्केश्वर पार्क को अब एक भव्य 'शिव लोक थीम पार्क' के रूप में विकसित किया जाएगा। 8.81 करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जुलाई 2026 को किया था। शिलान्यास के बाद से इस कार्य में खासी तेजी आई है। आगरा नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग के फंड से इस पार्क को विकसित करने का पूरा लेआउट और विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है।

### शिव के 19 अवतारों और शिव पुराण का सजीव चित्रण

यमुना नदी के किनारे स्थित प्राचीन बल्केश्वर महादेव मंदिर से कुछ ही दूरी पर बनने वाला शिव लोक थीम पार्क आस्था और आधुनिकता का एक अनूठा संगम होगा। इसका विजन भगवान शिव के 19 अवतारों पर आधारित एक स्पिरिचुअल और कल्चरल डेस्टिनेशन बनाना है। कुल 16,000 वर्ग मीटर में फैला



बल्केश्वर पार्क के मध्य में भगवान शिव की एक विशाल और आकर्षक प्रतिमा (स्टैच्यू) स्थापित की जाएगी। यहां आने वाले श्रद्धालु शिव पुराण पर आधारित भगवान शिव की लीलाओं का सजीव चित्रण देख सकेंगे। पार्क के प्रवेश पर एक भव्य 'नंदी द्वार' का निर्माण होगा। इसके अलावा शिव स्तुति पर आधारित आकर्षक साउंड एंड लाइट शो और रंग- बिरंगे फाउंटेन इस पार्क की दिव्यता में चार चांद लगाएंगे।

> शिव लोक थीम पार्क को 15वें वित्त आयोग के फंड से विकसित किया जा रहा है। 8.81 करोड़ रुपये के बजट से पुराने बल्केश्वर पार्क का पूरी तरह से कायाकल्प कर दिया जाएगा। हमारा उद्देश्य इसे एक अत्याधुनिक, सुंदर और शांतिपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करना है।
>
> **-अरविंद कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता, आगरा नगर निगम**

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से बल्केश्वर क्षेत्र को यह बड़ी सौगात मिली है। इस शिव लोक थीम पार्क के निर्माण से न केवल बल्केश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और परिक्रमार्थियों को विश्राम का एक पवित्र स्थान मिलेगा, बल्कि इससे पूरे ब्रज क्षेत्र के पर्यटन को भी काफी बढ़ावा मिलेगा। बल्केश्वर वासियों और पूरे आगरा के शिवभक्तों के लिए यह बहुत बड़ी सौगात है। यह थीम पार्क हमारी धार्मिक आस्था को एक नई और भव्य पहचान देगा।
>
> **- मुरारी लाल अग्रवाल, स्थानीय पार्षद**

### पर्यटन और आस्था का नया केंद्र बनेगा यह शिव लोक

इस शिव लोक थीम पार्क का हर हिस्सा इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह भक्ति, सौंदर्य (एस्थेटिक) और मनोरंजन का अद्भुत अनुभव प्रदान करे। इसके निर्माण से बल्केश्वर मंदिर में दर्शन और परिक्रमा करने आने वाले श्रद्धालुओं को विश्राम के लिए एक सुंदर और शांत वातावरण मिलेगा। साथ ही आगरा आने वाले पर्यटक अब ताजमहल के अलावा इस दिव्य शिव लोक का भी अनुभव कर सकेंगे। यह थीम पार्क ब्रज क्षेत्र के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा।

# कुलगाम में दो प्रवासी मजदूरों की गोली मारकर हत्या

एजेंसी, श्रीनगर।

दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम ज़िले में शुक्रवार शाम आतंकवादियों की ओर से की गई गोलीबारी में दो प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई।

दोनों मजदूर छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे और केलम इलाके में एक ईंट-भट्ठे पर काम करते थे। कुलगाम के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मृतकों की पहचान दीपक रात्रे और भूपिंदर के रूप में हुई है।

अधिकारी के अनुसार दीपक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल भूपिंदर को पहले अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां से उन्हें श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रेफर किया गया, जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

हालांकि, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है और न ही किसी आतंकी संगठन ने हमले की ज़िम्मेदारी ली है।

### लतीफ पर शक

रिपोर्ट्स के मुताबिक, लतीफ और उसका साथी मोटरसाइकिल पर प्रवासी मजदूरों के पास पहुंचा था। इन्होंने पहचान पत्र चेक किए और बहुत करीब से गोलीबारी की। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उन्होंने 10-12 राउंड फायर की आवाज सुनी। एजेंसियों के अनुसार, लतीफ ने यह हमला इसलिए किया, ताकि वह यह संदेश दे सके कि उसका मॉड्यूल अब भी एक्टिव है और आतंकी हमले करने में सक्षम है। खुफिया सूत्रों का मानना है कि इस गोलीबारी की साजिश सीमा पार बैठे लश्कर के हैंडलर्स ने रची।

# 79,832 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां



टीएनएफ टुडे, आगरा।

- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 92वाँ दीक्षांत समारोह कल, 88 पदकों से सम्मानित होंगे 64 मेधावी

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 92वाँ दीक्षांत समारोह सोमवार प्रातः 10 बजे स्वामी विवेकानंद खंदारी परिसर स्थित शिवाजी मण्डपम में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के चेयरमैन प्रो. पंकज अरोड़ा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं राज्यमंत्री रजनी तिवारी समारोह में सहभागिता करेंगे।

यह जानकारी शनिवार को विश्वविद्यालय में जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में कुलपति प्रो. आशु रानी ने दी। उन्होंने बताया कि यह दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के गौरवशाली आयोजनों की श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा। जिसमें शिक्षा, शोध, नवाचार, महिला स्वास्थ्य, खेल, संस्कृति और अधोसंरचना विकास के अनेक आयाम एक साथ देखने को मिलेंगे।

कुलपति ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय 79,832 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियाँ प्रदान करेगा। इनमें 55,686 स्नातक, 9,150 स्नातकोत्तर, 14,826 प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी, 167 पीएच.डी. शोधार्थी तथा 3 विद्वानों को डी.लिट्. की उपाधि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 64 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 88 पदकों से सम्मानित किया जाएगा। इनमें 46 छात्राएँ और 18 छात्र शामिल हैं, जो विश्वविद्यालय में छात्राओं की उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों का प्रतीक है।

प्रेसवार्ता में कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय इस वर्ष भारतीय पारंपरिक हस्तशिल्प एवं ग्रामीण उद्यमिता के संरक्षण और संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए पश्चिम बंगाल के सुप्रसिद्ध गोल्डन ग्रास (मदुर) शिल्पकार अरधेंदु शेखर दास को मानद उपाधि से अलंकृत करेगा। उन्होंने कहा कि दास ने दो दशकों से अधिक समय से भारतीय पारंपरिक शिल्प को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के साथ-साथ लगभग 50 ग्रामीण कारीगरों, विशेषकर महिलाओं, को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भरता का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है।

कुलपति ने बताया कि इस वर्ष का दीक्षांत समारोह महिला स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में भी एक ऐतिहासिक पहल का साक्षी बनेगा। समारोह के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 100 बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में बताया गया कि विश्वविद्यालय का सामुदायिक रेडियो 90.4 "आगरा की आवाज" इस अवसर पर विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रस्तुत करेगा। इसमें विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के स्थापना दिवस समारोह तथा दीक्षोत्सव के विविध आयोजनों की प्रमुख झलकियाँ प्रदर्शित की जाएंगी। कुलपति ने बताया कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं, खेलो इंडिया, नॉर्थ जोन एवं विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी इस बार विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। स्वर्ण एवं रजत पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

कुलपति ने बताया कि कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया जाएगा।

### बटेश्वर कॉरिडोर पर अखिलेश यादव का बड़ा वार, बोले-

# मिट्टी पर खड़ा हो रहा भ्रष्टाचार का ढांचा

## गुणवत्ता पर सवाल उठाने व शिकायत करने वालों को मिलती है धमकी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

बटेश्वर कॉरिडोर निर्माण को लेकर सियासी घमासान उठ खड़ा हुआ है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही और आवाज उठाने वाले लोगों को धमकाया जा रहा है। अखिलेश यादव के आरोपों से बटेश्वर कॉरिडोर का मुद्दा राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गया है।

बटेश्वर में प्रदेश सरकार 106 करोड़ एवं केन्द्र सरकार 78 करोड़ की लागत से धार्मिक पर्यटन का विकास करा रही है। बनारस की तर्ज पर घाटों के विकास के साथ ही प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार एवं




कारीडोर के निर्माण का काम प्रगति पर है। जबकि अटल संकुल केन्द्र का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकार्पण कर चुके हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बटेश्वर कारीडोर के निर्माण का वीडियो अपने एक्स हैंडल एवं फेसबुक पेज पर अपलोड किया है। जिसमें बिना बेस के मिट्टी पर ही पीसीसी (प्लेन



सीमेंट कंक्रीट) डालते हुए मजदूर दिख रहे हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है कि ये है 'बटेश्वर कॉरिडोर' के काम में हो रहे बेतहाशा भ्रष्टाचार का साक्षात सबूत : जिसमें दिनदहाड़े बिना बेस के सीधे मिट्टी पर ही पीसीसी डालने का वीडियो सरेआम हो गया है। आरोप लगाया है कि यहां खराब कॉन्क्रीट और पत्थर का इस्तेमाल हो रहा है और डिजाइन फॉल्ट्स आदि की भी लिखित शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन कभी सुनवाई ही नहीं हुई, दावा किया है कि जांच तो संभव ही नहीं है। भाजपा राज में जब कोई ईमानदार नागरिक आवाज उठाता है तो उसके फोन पर दूसरी तरफ से धमकी की आवाज आ जाती है। भाजपा राज में सुनवाई की जगह धमकाई हो रही है!

वैसे याद दिला दें कि भाजपा ने 'अटल प्रोग्रेस वे' बनाने की बात भी कही थी जनता पूछ रही है : 'अटल प्रोग्रेस वे' भी जुमला था क्या?

अखिलेश के ट्वीट और पोस्ट को लेकर बाह, बटेश्वर क्षेत्र में मिली जुली प्रतिक्रियाएं सुनी जा रही हैं। पोस्ट पर भी पक्ष और विपक्ष में लोगों ने प्रतिक्रियाएं दी हैं।

### बटेश्वर के धार्मिक पर्यटन विकास के ये हो रहे काम

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने 12.33 करोड़ की लागत से अटल संकुल केन्द्र का विकास कराया है। 24 करोड़ की लागत से घाटों का विकास हो रहा है। 17.57 करोड़ से मंदिरों के संरक्षण का कार्य प्रगति पर है। 24.08 करोड़ की लागत से मंदिर कारीडोर का विकास हो रहा है। 13.19 करोड़ से प्राचीन हवन कुंड विकसित हो रहा है। 9.92 करोड़ से फसाड लाइटें लगाए जाने का काम चल रहा है। वहीं केन्द्र सरकार ने 71.5 करोड़ में ध्यानपथ, शिवप्रांगड़ एवं वत वृक्ष आदि के विकास को मंजूर किए हैं। जिनमें से 56.11 करोड़ की धनराशि जारी हो चुकी है।

# पीओके में मानवाधिकार संकट?: चार दिनों में 50 से ज्यादा लोगों की मौतें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अशांति लगातार बढ़ रही है। पिछले चार दिनों में पाकिस्तानी सेना की कब्जे वाले क्षेत्र में की गई क्रूर कार्रवाई में 50 से अधिक लोग मारे गए हैं। वहीं, सैकड़ों घायल हुए हैं।

### उमर नजीर कश्मीरी ने क्या कहा?

शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (JAAC) के सदस्य सरदार उमर नजीर कश्मीरी ने कहा, "पिछले चार दिनों में, सुरक्षा बलों ने क्रूर आतंकवाद के जरिए हमारे 50 से अधिक लोगों को मार डाला है, और सैकड़ों घायल हैं.." एक अलग पोस्ट में, जेएएसी ने कहा कि पीओके के मुजफ्फरबाद क्षेत्र में देर रात तक विरोध प्रदर्शन जारी रहे। लोग सड़कों पर डटे रहे और अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा और स्थानीय अधिकारियों द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं के कार्यान्वयन की मांग करते रहे।

### एचआरएफ ने हमले की निंदी की

इस बीच, अमेरिका स्थित मानवाधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन (एचआरएफ) ने शनिवार को पीओके में निहत्थे शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पाकिस्तानी सेना द्वारा कथित तौर पर बल प्रयोग की कड़ी निंदा की, जिसमें क्षेत्र में 50 से अधिक लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए।

# ताजमहल से पहले दिखेगा शिवाजी महाराज का शौर्य

## कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की पहल पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दिया सहयोग का भरोसा

टीएनएफ टुडे, आगरा/मुंबई।

आगरा की पहचान अब सिर्फ मुगलिया इमारतों से नहीं, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज के अदम्य साहस और सनातन शौर्य से भी होगी। आगरा के ऐतिहासिक स्थल 'मीना बाजार की कोठी' पर शिवाजी महाराज का एक दिव्य और भव्य स्मारक बनने जा रहा है। इस महापरियोजना को धरातल पर उतारने के लिए उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकारें मिलकर काम करेंगी। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री और आगरा दक्षिण से भाजपा विधायक योगेंद्र उपाध्याय ने मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आवास पर मुलाकात की।



कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने देवेंद्र फडणवीस को सौंपे ऐतिहासिक दस्तावेजों के हवाले से बताया कि इतिहासकार प्रो. सुगम आनंद और प्रख्यात पत्रकार (दिवंगत) डॉ. अमी आधार निडर के संयुक्त शोध में यह प्रमाणित हो चुका है कि वर्तमान की 'मीना बाजार की कोठी' ही जयपुर के महाराजा मिर्जा राजा जयसिंह के पुत्र राम सिंह की वह ऐतिहासिक कोठी है, जहाँ तत्कालीन मुगल शासक औरंगजेब ने छल-कपट से छत्रपति शिवाजी महाराज को बंदी बनाकर रखा था। यह वही पावन भूमि है, जहाँ से शिवाजी महाराज अपनी बुद्धि चातुर्य, कूटनीति और अद्वितीय साहस का परिचय देते हुए औरंगजेबी सत्ता के कड़े पहरे को धता बताकर सुरक्षित निकल गए थे।

### योगी सरकार की अधिग्रहण प्रक्रिया अंतिम दौर में

इस स्मारक को बनवाने के लिए मंत्री योगेंद्र उपाध्याय पिछले 6-7 वर्षों से लगातार जमीनी और शासकीय स्तर पर संघर्ष कर रहे थे। अब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा इस ऐतिहासिक कोठी के अधिग्रहण की कानूनी प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुँचा दी गई है। जमीन का अधिग्रहण पूर्ण होते ही यहाँ स्मारक निर्माण का काम युद्धस्तर पर शुरू हो जाएगा।

### हिंदुस्तानी शौर्य से परिचित होगी दुनिया: फडणवीस

मुलाकात के दौरान उपाध्याय ने महाराष्ट्र सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा कि दोनों राज्य सरकारें मिलकर इस स्मारक का ऐसा अद्वितीय और भव्य स्वरूप तैयार करें कि दुनिया भर से आगरा आने वाले पर्यटक ताजमहल देखने से पहले छत्रपति शिवाजी महाराज के इस शौर्य स्थल को नमन करने आएँ। यह स्मारक न केवल हमारी आने वाली पीढ़ियों को भारत के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराएगा। बल्कि वैश्विक मंच पर भारतीय वीरता की गाथा भी गाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस दूरदर्शी पहल की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि महाराष्ट्र सरकार इस पुनीत कार्य में उत्तर प्रदेश सरकार के कंधे से कंधा मिलाकर पूरा सहयोग करेगी। बैठक के दौरान महाराष्ट्र के भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# संसद में प्रदर्शन मामला: वाराणसी में राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद पर मुकदमा दर्ज

एजेंसी, वाराणसी।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद और सांसद पप्पू यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पातालपुरी मठ, नरहरिपुरा के पीठाधीश्वर जगदगुरु बालक देवाचार्य ने संसद परिसर में हुए सियासी नाटक को लेकर कोतवाली थाने में तहरीर दी थी और इसमें शामिल सांसद पप्पू यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि संसद परिसर में 31 जुलाई 2026 को हुए सियासी प्रदर्शन में हिंदू संत परंपरा, भगवान श्रीराम मंदिर तथा श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए पवित्र दान का मजाक बनाया गया। आरोप लगाया कि कांग्रेस और सपा सांसदों ने नाटकीय प्रदर्शन कर देश के करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

संतों की तरफ से दी गई शिकायत में राहुल गांधी, राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और फैजाबाद से सांसद




अवधेश प्रसाद का नाम लिया गया। इन पर आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान भगवा वस्त्र पहनकर और हिंदू संतों के स्वरूप का राजनीतिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया गया। शिकायत में यह भी कहा गया कि इस नाटकीय प्रदर्शन से हिंदू आस्था, संत परंपरा और धार्मिक प्रतीकों का सार्वजनिक मजाक बनाया गया है और इससे समाज में धार्मिक तनाव फैलने की आशंका है। फिलहाल पुलिस ने तीनों सांसदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव समेत तमाम विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा अनियमितता मामले को लेकर संसद में अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्षी सांसदों की ओर से संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठाए गए।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपालों ने दिया ज्ञापन



टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने शनिवार को उपजिलाधिकारी फतेहाबाद को अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व परिषद अध्यक्ष के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।

शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व परिषद अध्यक्ष के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा को देकर बताया कि वर्ष 2018 के आधार पर वर्ष 2019 में लगभग 650 लेखपालों का ग्रह मंडल में स्थानांतरित किया गया था। वर्ष 2025 को राजस्व परिषद पोर्टल पर खोला गया तथा 2669 लेखपालों का आवेदन भी लिया परंतु उस आवेदन पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2024 के नवनियुक्ति लेखपालों की प्रशिक्षण परीक्षा 13 सितंबर 2025 को संपन्न हो चुकी है किंतु लगभग 11 माह बीत जाने के बाद भी परीक्षा परिणाम एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र घोषित नहीं किए गए हैं।

वर्तमान में लेखपालों को दिए जाने वाले भत्ते विगत कई वर्षों से अपरिवर्तित है। जबकि महंगाई एवं क्षेत्रीय कार्यों पर होने वाला व्यय कई गुना बढ़ चुका है। शासन स्तर पर लंबित प्रस्तावों को तत्काल स्वीकार प्रदान किया जाए। स्टेशनरी भत्ता 100 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रतिमा की पत्रावली पर स्वीकृति प्रदान किया जाए।नियत यात्रा भत्ता के स्थान पर मोटरसाइकिल/वाहन भत्ता 1500 रुपए प्रतिमाह की पत्रावली पर स्वीकृति प्रदान की जाए। भूलेख कार्यालय एवं पटलों पर लेखपालों को संबद्ध कर नियमित कर लिया जा रहा है। इससे राजस्व के मूल कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। तथा लेखपालों पर अनावश्यक कार्यभार बढ़ रहा है।

अधिकांश ग्राम सचिवालयों में लेखपालों हेतु प्रथककक्ष फर्नीचर सुरक्षित अभिलेख कक्ष, कंप्यूटर, इंटरनेट, विद्युत पेयजल एवं शौचालय जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। उपलब्ध सीमित स्थान का उपयोग पहले से ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में रामनरेश त्यागी तहसील अध्यक्ष, सूरजपाल तहसील मंत्री, रवि गोस्वामी, दीपक मौर्य, नरगिस, ध्यानेंद्र सिंह तोमर, अलका यादव, मोनू बघेल आदि मौजूद रहे।

## जर्जर बिजली पोल बदलवाने की मांग

**अछनेरा।** समाधान दिवस में ब्यारा गांव के ग्रामीणों ने जर्जर विद्युत पोल को तत्काल बदलवाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी अभिनब पाठक को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगभग छह महीने से बिजली का पोल क्षतिग्रस्त अवस्था में टेढ़ा होकर खड़ा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शिकायत में बताया गया कि जर्जर पोल के कारण बिजली के तार भी नीचे लटक रहे हैं और तेज हवा या बारिश के दौरान पोल गिरने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार बिजली विभाग से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे गांववासियों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मांग की कि जनहित को देखते हुए जर्जर विद्युत पोल को तत्काल बदलवाया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। समाधान दिवस में अधिकारियों ने शिकायत प्राप्त कर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान विष्णु कुमार, दीवान सिंह, रामवीर, लोकेश आदि ने शिकायत की।

# खेरागढ़: 118 शिकायतों में 18 का निस्तारण



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़

तहसील सभागार में शनिवार को उपजिलाधिकारी नरेंद्र गंगवार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 118 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 18 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान गांव कुसियापुर के भोगीराम, गणपत सहित अन्य ग्रामीणों ने गांव में पड़ी जर्जर विद्युत केबल बदलवाने की मांग उठाई। वहीं, भिलावली निवासी केदार सिंह ने छह माह से बंद वृद्धावस्था पेंशन और रघुपुरा के लेखराज ने तीन माह से पेंशन न मिलने की शिकायत दर्ज कराते हुए उसे शीघ्र चालू कराने की मांग की। इसके अलावा जितेंद्र सिंह ने बिरहरू सहकारी समिति पर खाद उपलब्ध न होने की शिकायत की। हिरोड़ा के राजेंद्र सिंह ने वरासत दर्ज कराने तथा करनागढ़ी सरेंडा के बृजेश शर्मा ने चकरोड से अवैध कब्जा हटवाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा।

एसडीएम नरेंद्र गंगवार ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर तहसीलदार सुरभि राय, नायब तहसीलदार हरिशंकर दुबे एवं अनुज दीक्षित, खेरागढ़ बीडीओ परवेज आलम, सैंया बीडीओ जयकिशन दोहरे, मंडी सचिव कोमल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बिजलीघर में कक्षाएं लगवाएंगे बच्चे

# गर्मी से बेहाल छात्र-छात्राओं ने दी चेतावनी

- एसडीओ बोले- गड़वाए हैं खम्भे, जेई करेंगे निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, बाह।

गोपालपुरा के जेएन इंटर कॉलेज को ट्यूबैल की लाइन से मिल रही बिजली का विरोध शुरू हो गया है। कॉलेज प्रबंधन ने गर्मी से बेहाल बच्चों की कक्षाएं सोमवार से भदरौली के बिजली घर में लगाए जाने की चेतावनी दी है। ग्रामीण एवं ट्यूबैल की लाइनें अलग अलग की गई थी। जेएन इंटर कॉलेज गोपालपुरा की लाइन ट्यूबैल की लाइन से जोड़ दी गई थी।

प्रबंधक सुरेन्द्र त्यागी, प्रधानाचार्या ललिता त्यागी ने बताया कि मुख्यमंत्री, एसडीएम एवं एसडीओ को कई प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। विद्युत आपूर्ति न मिलने से कक्षाओं में छात्र-छात्राएं गर्मी से बेचैन हो जाते हैं। उनके बीमार होने की चिंता सताती रहती है। उन्होंने कॉलेज से महज 150 मीटर की दूरी से गुजरी बिजली की ग्रामीण लाइन से कॉलेज को आपूर्ति दिए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि शिकायतों के बाद भी सुनवाई नहीं हुई है। धमकी दी कि समस्या का समाधान न होने पर सोमवार से भदरौली के बिजली घर में बच्चों की कक्षाएं लगाएंगे। इस संबंध में पूछे जाने पर बाह के एसडीओ नितिन माहेश्वरी ने बताया कि ट्यूबैल और ग्रामीण लाइनें करीब 6 साल पहले अलग अलग हुई थी। शिकायत मिलने पर कॉलेज को 18 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए बिजली के खम्भे गढवाए हैं। 10 केवीए की डीपी से लाइन जोड़ी गई है। फिर भी कोई समस्या है तो बच्चों के मद्देनजर रविवार को जेई को मौके पर भेजकर समाधान कराएंगे।

# समाधान दिवस में पेट्रोल लेकर पहुंचा युवक

### फूट-फूट कर रोई मां, सामने आया हाई वोल्टेज ड्रामे का वीडियो

- बोले- बिना नापजोख के जुतवा दी जमीन, राजस्व निरीक्षक पर गाली देने का आरोप
- डीएम ने दिए थे स्थलीय निरीक्षण और खतौनी की पड़ताल के निर्देश

टीएनएफ टुडे, बाह।



संपूर्ण समाधान दिवस बाह में अपनी मां के साथ पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंचे चित्राहाट के पारना गांव के शिशुपाल सिंह के हाई वोल्टेज ड्रामे से अफरा तफरी मच गई। हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच युवक पेट्रोल छिड़क कर आत्महत्या करने की धमकी दे रहा था, जबकि उसकी मां फूट फूट रोए जा रही थी। उन्होंने राजस्व निरीक्षक पर गाली गलौज किए जाने का आरोप लगाया। करीब आधा घंटा चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने मां-बेटा को समझाबुझा कर घर भेज दिया।

6 जुलाई को बाह के संपूर्ण समाधान दिवस के बाद बाहर निकले डीएम मनीष कुमार बंसल के सामने पारना गांव के शिशुपाल अपनी मां के साथ पेश हुए थे। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में उन्होंने डीएम से जमीन की पैमाइश कराए जाने की गुहार लगाई थी। कहा था कि जमीन नप जाए, नहीं तो प्राण होंम देंगे, डीएम साहब जमीन नपवा दो। दूसरे पक्ष भी सामने आ गया। तकरार की नौबत आने पर डीएम ने दोनों पक्षों को रोका था। एसडीएम को निर्देश दिए थे कि बैनामा देख लो, खतौनी की पड़ताल कर लो, मौके पर कुछ जमीन खाली बची है या नहीं। जमीन की पैमाइश होने तक खेत की जुताई न करने को दोनों पक्षों से कहा था। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी मां के साथ पहुंचे शिशुपाल सिंह ने बैग से पेट्रोल से भरी बोतल निकाली और कहने लगा कि कानूनगो एवं पुलिस ने जमीन को जुतवा दिया है, कहां जाए, आत्महत्या करेंगे, मां को कानूनगो ने गाली दी थी, हाईकोर्ट में मामला है, जबरजस्ती जमीन को जुतवा रहे हैं। शिशुपाल की मां हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच रोए जा रही थी।

हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच शिशुपाल को पुलिस ने रोका, समझाया, कार्यवाही का आश्वासन दिया और घर भेज दिया। हाई वोल्टेज ड्रामे के दौरान अफरा तफरी मच गई थी। राजस्व निरीक्षक रामशरन सिंह ने गाली गलौज के आरोप को असत्य एवं निराधार बताया है।

> 'महिला के नाम कोई जमीन नहीं है। खतौनी में दाखिल खारिज के बाद खरीददार का नाम अंकित हो गया है। राजस्व विभाग कहां से दे देगा।'
>
> – विनोद कुमार, एसडीएम बाह



## फतेहाबादः 13 शिकायतें, दो का निस्तारण

**फतेहाबाद।** शनिवार को तहसील फतेहाबाद मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी स्वाति शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें 13 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर गुणदोष के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गए। संपूर्ण समाधान दिवस में एसीपी शमशाबाद राजीव रंजन , तहसीलदार फतेहाबाद शिखर मिश्रा, नायब तहसीलदार शुभ्रा अवस्थी, नायब तहसीलदार विशेष कुमार, एडीओ पंचायत फतेहबाद नरेंद्र बघेल आदि मौजूद रहे।

## दूध का टैंकर पलटा, चालक की मौत



**बाह।** गोरखपुर बाईपास पर दूध का टैंकर पलटने से हुए हादसे में जैतपुर के क्यारी गांव के चालक अतुल यादव (32) की मौत से परिवार में मातम पसर गया। गांव शोक में डूब गया है। बृहस्पतिवार तड़के 5 बजे गोरखपुर बाईपास पर अचानक अनियंत्रित हुआ दूध से भरा टैंकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। पलटे टैंकर में चालक जैतपुर के क्यारी गांव का अतुल यादव (32) फंस गया। मौके पर जुटी भीड़ ने केबिन काट कर फंसे अतुल यादव को बाहर निकाला और अस्पताल ले पहुंचे। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद क्यारी स्थित घर पर मृतक का शव पहुंचा तो परिवार में मातमी कोहराम मच गया। मृतक ने अपने पीछे पत्नी अर्चना यादव, 4 साल के बेटे आर्यन, 2 साल की बेटी गौरी, दो माह के दुधमुंहे बेटे को अपने पीछे छोड़ा है। पति का शव देख सुधबुध खोई अर्चना यादव को नहीं सूझ रहा कि बच्चे कैसे पलेंगे। अतुल यादव के अलावा परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। शनिवार को शोक में डूबे क्यारी गांव में किसी घर में चूल्हे तक नहीं जले।

## कुएं की दीवार गिरी, 10 साल का बालक दबा

**बाह।** गरी छुआरे खरीदने के लिए दीवार में लगी सरिया निकालते समय मलबे में दब कर 10 साल का बालक घायल हो गया। टोड़ीपुरा गांव में शनिवार शाम 6 बजे रविन्द्र का 10 साल का बेटा अंकित बंद पड़े कुएं की दीवार में लगी सरिया को निकालने का प्रयास कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शी चरवाहों के मुताबिक अचानक भरभरा कर गिरी दीवार के मलबे में अंकित दब गया। चीख पुकार मचाते हुए चरवाहे और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। मलबा हटा कर अंकित को बाहर निकाला और इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया। परिजन भी अस्पताल पहुंच गये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गरी छुआरे खरीदने के चक्कर में लोहे की सरिया निकालते समय अंकित हादसे का शिकार हुआ है।

### विकास को तरसा गांव हारकापुरा

# कच्चे मार्ग पर जलभराव से दलदल, ग्रामीण परेशान

- स्कूली बच्चों का निकलना दुश्वार, पक्की सड़क की मांग

मोहित शर्मा



**फतेहाबाद।** तहसील के गांव हारकापुरा, सांकुरी कलां के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। गांव का मुख्य मार्ग से जुड़ा संपर्क मार्ग कच्चा होने के कारण ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। बारिश के मौसम में तो यहां निकलना और भी मुश्किल हो जाता है मार्ग पर जलभराव होने से कीचड़ का दलदल हो जाता है जिसमें आए दिन स्कूली बच्चे और बुजुर्ग गिर जाते हैं। शनिवार को भाकियू आजाद हिंद के मंडल अध्यक्ष विपिन शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र सौंपकर जल्द से जल्द पक्की सड़क बनवाने की मांग की है।

समाधान दिवस में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव का सम्पर्क मार्ग से मुख्य मार्ग करीब 500 मीटर है जो कच्चा है। थोड़ी सी बारिश होते ही पूरा मार्ग जलमग्न हो जाता है और कीचड़ का दलदल बन जाता है। इस कारण राहगीर, छोटे-छोटे स्कूली बच्चे बुजुर्ग कीचड़ में गिर जाते हैं। भाकियू आजाद हिन्द के मंडल अध्यक्ष विपिन शर्मा ने बताया कि बारिश के दिनों में गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से कट जाता है। कच्चे मार्ग के दलदल में स्कूली बच्चे गिर जाते हैं उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रशासन से पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में शिवदत्त शर्मा, विपिन शर्मा, रामनरेश शर्मा, विजय शर्मा, मुकेश शर्मा, मनोज शर्मा, गब्बर सिंह, मुन्नालाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंदिर के सामने से कबाड़ की दुकान हटाने की मांग

**अछनेरा।** स्टेशन रोड स्थित गंगा मैया मंदिर के सामने संचालित कबाड़ की दुकान को हटाने की मांग को लेकर शारदा एवं उनके भाई मनोज कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने तहसील दिवस में शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बाबा पुत्र कालीचरण और कालीचरण द्वारा मंदिर के सामने कबाड़ रखकर गंदगी फैलाई जा रही है। प्रार्थियों का कहना है कि जब उन्होंने मंदिर परिसर से कबाड़ हटाने की बात कही तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और झूठे मुकदमे में फंसाने की चेतावनी दी गई।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि दबंगई के बल पर मंदिर की जमीन पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी शिकायत की जा चुकी है और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

# छापा मारकर 13 जुआरी दबोचे, केस दर्ज

- बंद मकान में सजी थी जुए की महफिल, पुलिस देख मची भगदड़
- 1.58 लाख नकद, 25 मोबाइल, वाहन और ताश की गड्डियां बरामद

**आगरा।** शहर के थाना जगदीशपुरा क्षेत्र में पुलिस ने अवैध जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बंद मकान में संचालित जुए के फड़ का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की छापेमारी के दौरान मौके से 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, मोबाइल फोन, ताश के पत्ते और वाहन भी बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि नीलम एन्क्लेव के पास स्थित एक बंद मकान में लंबे समय से जुए का फड़ संचालित किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना जगदीशपुरा पुलिस ने टीम गठित कर मौके पर छापा मारा। अचानक हुई कार्रवाई से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 1,58,530 की नकदी, 25 मोबाइल फोन, 52 ताश के पत्ते, 2 स्कूटी और 1 मोटरसाइकिल बरामद की। बरामद सामान को पुलिस ने कब्जे में लेकर जब्त कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र परिहार, सतीश कुमार, संजय शर्मा, दशरथ, विवेक कुमार, शिवम, ध्रुव, गोविंद कुमार, भावेश झामनानी, सनी, सलमान, गौरव और धर्मेंद्र के रूप में हुई है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है कि जुए के इस अड्डे का संचालन कौन कर रहा था। इसमें अन्य लोग भी शामिल थे या नहीं। पुलिस का कहना है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस की मौजूदगी में युवक को पीटा

**अछनेरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र के गांव कीठम में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान पिआरबी पुलिस की मौजूदगी में मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में पीड़ित के पिता के मुँह मे चोट लगने से दांत टूट गया है। पीड़ित ने मारपीट करने वालों के खिलाफ थाना मे तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अंकित दीक्षित के अनुसार, गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर उन्होंने यूपी-112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। एवं पुलिस के सामने ही दूसरे पक्ष के लोगों ने अंकित दीक्षित और उनके पिता के साथ मारपीट कर दी। जबकि अन्य लोगों को भी चोटें आईं। घटना के बाद अंकित दीक्षित अपने साथियों के साथ थाना अछनेरा पहुंचे और आरोपितों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित का सीएचसी अछनेरा पर मेडिकल कराया है। प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### आगरा मूव्स बेटर-2026- का शुभारम्भ

# शहर की संस्थाओं ने अभियान को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा ऑर्थोपेडिक सोसायटी द्वारा शनिवार को लेमन ट्री होटल खंदारी में आयोजित मीडिया एवं संस्थापक सहयोगी बैठक में शहरव्यापी जन-स्वास्थ्य अभियान आगरा मूव्स बेटरझ2026 का औपचारिक शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अभियान के आधिकारिक पोस्टर का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया गया।

अभियान का उद्देश्य हड्डियों, जोड़ों, मांसपेशियों और रीढ़ से संबंधित समस्याओं की रोकथाम, समय पर पहचान तथा वैज्ञानिक परामर्श के माध्यम से आगरा के नागरिकों को अधिक सक्रिय, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। अध्यक्ष डॉ. अतुल कुलश्रेष्ठ ने सभी अतिथियों एवं सहयोगी संस्थाओं का स्वागत करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं सक्रिय नागरिक ही एक स्वस्थ और प्रगतिशील शहर की नींव होते हैं। सचिव डॉ. संजय चतुर्वेदी ने अभियान की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि आगरा मूव्स बेटर-2026 केवल स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला नहीं, बल्कि चिकित्सा विशेषज्ञों, प्रशासन, पुलिस, सामाजिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, उद्योग जगत, मीडिया और नागरिकों की संयुक्त भागीदारी से चलाया जाने वाला जन-आंदोलन है। परियोजना चेयरमैन डॉ. डी. वी. शर्मा के मार्गदर्शन में ऑर्थोपेडिक सर्जन अगस्त माह के दौरान पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों, कार्यालय एवं औद्योगिक कर्मचारियों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और आवासीय समुदायों के लिए जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में लायन अजय भार्गव; सीनियर सिटीजन सोसायटी के अनुराग जैन, शांति सेना की वत्सला प्रभाकर, डॉ. करण रावत, ट्रैफिक सपोर्ट टीम के सुनील खेत्रपाल तथा मोटर स्पोर्ट्स क्लब के राम कपूर शामिल रहे। बैठक में रोटरी की ओर से रोटेरियन थान सिंह एवं अशोक टंडन, अधिवक्ता अखिलेश शर्मा तथा सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अपूर्व शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक, सामुदायिक एवं नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 200 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

### कॉमक्वेस्ट-2026 का प्रथम चरण शुरू,12 को होगा फिनाले

टीएनएफ टुडे, आगरा।



सेंट एंड्रयूज पब्लिक स्कूल, कर्मयोगी कमला नगर में 1 अगस्त को कॉमक्वेस्ट के प्रथम चरण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के एमडी ओशिन शर्मा, एमडी शिवांजल शर्मा, प्रधानाचार्या अंशु सिंह तथा उप-प्रधानाचार्य अभिषेक क्रिस्टी, कार्यक्रम समन्वयक, निर्णायक मंडल के डॉ. रोहित सिन्हा, असिस्टेंट प्रोफेसर, सेंट जॉन्स डिग्री कॉलेज एवं रूपेश श्रीवास्तव, शिक्षाविद संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की गरिमामयी शुरूआत की।

कॉमक्वेस्ट-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने हेतु टग ऑफ वर्ड्स, वेंचर शार्क्स एवं डिजिटल पैलेट जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शीर्ष छह टीमों का चयन अगले चरण के लिए किया गया। टग ऑफ वर्ड्स में दिल्ली पब्लिक स्कूल (शास्त्रीपुरम), प्रील्यूड पब्लिक स्कूल, कर्नल्स ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, सचदेवा मिलेनियम स्कूल, गायत्री पब्लिक स्कूल, ऑल सेंट्स स्कूल। वेंचर शार्क्स में दिल्ली पब्लिक स्कूल (शास्त्रीपुरम), प्रील्यूड पब्लिक स्कूल, कर्नल्स ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, आगरा पब्लिक स्कूल, गायत्री पब्लिक स्कूल, गणेश राम नागर। डिजिटल पैलेट में दिल्ली पब्लिक स्कूल (शास्त्रीपुरम), प्रील्यूड पब्लिक स्कूल, कर्नल्स ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, आगरा पब्लिक स्कूल, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, राजेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, गायत्री पब्लिक स्कूल, गणेश राम नागर, एयर फोर्स स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, के सभी विद्यार्थी अगले चरण के लिए चयनित किए गए। कार्यक्रम के आयोजन में सुखवीर कौर, आदित्य अग्रवाल, विकास गोयल, जूली दीक्षित, आलोक वैष्णव, अरविंद पचौरी, संजय मंगल, नूपुर बंसल, मनीष कुशवाह, रिकी शर्मा, अंकुर सक्सेना, हर्षित पाठक, अर्पणा शुक्ला, निखिल कुमार, शिखा खंडेलवाल, दीपाली लालवानी, एसपी तिवारी आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

## चोरी की सबमर्सिबल और मोबाइल बरामद

**सैंया।** थाना सैंया पुलिस ने चोरी की घटनाओं के खुलासे में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की समरसेबल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना इरादतनगर क्षेत्र स्थित एक सीमेंटेड ईंट प्लांट से विगत माह समरसेबल चोरी हो गई थी। इसके अलावा थाना सैंया क्षेत्र से भी एक मोबाइल फोन चोरी होने की घटना सामने आई थी। दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार देर रात करीब आठ बजे कटी पुल के नीचे घेराबंदी कर छोटू निवासी ग्राम हिरोडा, थाना सैंया को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की समरसेबल तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बाहः 41 में 6 शिकायतों का निस्तारण

**बाह।** तहसील बाह के संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को एडीएम नागरिक आपूर्ति अजय नरायन सिंह ने फरियादियों को सुना। अधिकांश फरियादी या तो चकमार्ग, तालाब पर अतिक्रमण एवं पुलिस के कार्रवाई न करने की शिकायतें लेकर पहुंचे। कुल दर्ज 41 शिकायतों में से 22 राजस्व विभाग की एवं 13 पुलिस विभाग की रही। 85 फीसदी शिकायतें पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़ी होने पर एडीएम ने समय सीमा में गुणवत्ता परक निस्तारण के निर्देश दिए।

# मंगल कलश यात्रा में गूंजा 'हर-हर महादेव'

## प्रतापपुरा क्षेत्र शुरू हुई श्री शिव महापुराण कथा

टीएनएफ टुडे, आगरा।




श्रावण मास के पावन अवसर पर पं.रतिराम शिव एवं दुर्गा मंदिर, प्रतापपुरा में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा रसवृष्टि के शुभारंभ पर शनिवार को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा,आस्था और भक्ति से सराबोर इस यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भगवान शिव का गुणगान करते हुए नगर भ्रमण किया। कलश यात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं भगवान भोलेनाथ के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालु,हर हर महादेव,₹जय भोले₹,ओउम नमः शिवाय, के जयघोष करते हुए भाव-विभोर होकर आगे बढ़े डीजे, बैंड-बाजों और शिव भजनों की मधुर धुनों पर महिलाएं, युवतियां एवं श्रद्धालु झूमते-नाचते चले, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। धार्मिक उल्लास और भक्ति के वातावरण के बीच यात्रा कथा पंडाल पहुंची। जहां विधिवत पूजन के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ।

आयोजकों ने बताया कि श्रद्धेय पं. लोकेश कृष्ण शास्त्री जी प्रतिदिन 1 अगस्त से 9 अगस्त तक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक शिव महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे। वहीं, 10 अगस्त को पूणार्हुति एवं हवन के साथ धार्मिक आयोजन का समापन होगा। श्रावण मास के प्रथम दिन निकली इस दिव्य कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सुख,शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। मन्दिर महन्त पं तुहिराम, पं संतोष शास्त्री, समाजसेवी श्याम भोजवानी, महेश शर्मा, डॉ आरपी सिंह, विवेक लोधी, राहुल मुदगल, दीप बघेल, अशोक कुमार शर्मा, स्वतंत्र कुमार, राघवेंद्र मुदगल, राजेन्द्र अग्रवाल, मुकेश शर्मा, सौरव अग्रवाल, अर्जुन सिंह, हेमंत कुमार (हेमू), पं लोकेश शास्त्री, मुरारी लाल, लक्ष्मी, वंदना, कलपना , निशा शर्मा, कुसुम मुदगल, मीनाक्षी मुदगल, राधा रानी,

### शिविर में 600 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने उठाया लाभ

**आगरा।** मंडल द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए आयोजित विशेष कैंप का आयोजन किया गया। शिविर मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरुण सिंह तोमर के निर्देशन में 23 से 31 जुलाई तक उत्तर मध्य रेलवे संस्थान आगरा छावनी में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान लगभग 600 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने उपस्थित होकर इस विशेष सुविधा का लाभ उठाया। कार्मिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की प्रोफाइल, लॉगिन, पेंशन तथा अन्य सेवा संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। कैंप का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संबंधित शिकायतों का त्वरित, सरल एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। ताकि उन्हें विभिन्न कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें तथा एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकें। शिविर में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अपनी लंबित समस्याओं का समाधान कराया।

# 85 दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण बांटे



टीएनएफ टुडे, आगरा।

दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इम्मानुएल हॉस्पिटल एसोसिएशन और यूपी अर्बन प्रोजेक्ट, आगरा द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), भारत सरकार के उपक्रम के सहयोग से कृष्णा वाटिका, शहीद नगर, शमशाबाद रोड पर निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 120 लोगों की उपस्थिति रही। 85 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर में लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कमोड व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवण यंत्र, छड़ी, कमर बेल्ट, सिलिकॉन कुशन सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इन उपकरणों से लाभार्थियों के दैनिक जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन ईएचए के परियोजना अधिकारी राजकुमार ने किया। उन्होंने बताया कि संस्था जरूरतमंद दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों तक आवश्यक सहायक उपकरण एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सेवाएँ निरंतर पहुँचाने का कार्य कर रही है। कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर सेल्विना, मुख्य अतिथि एवं ईएचए के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना केवल सेवा ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अशिता सिंह, डॉ. जॉर्ज एवं जुबिन उपस्थित रहीं। वार्ड-77 के पार्षद दीपक वर्मा तथा वार्ड-97 के पार्षद मानसिंह, अमित कुमार, शुभांशु, राजकुमार, अदिति सिंह, नीरज कुमार, सेल्विना, शालू, दीपिका, कैरीना, फिलोमीना, खुशी आदि मौजूद रहे।



### माता कालका और बाबा वीर बुलाकी का जागरण

**आगरा।** बाबा वीर बुलाकी सेवा समिति (रजि) के तत्वावधान में हाथी घाट, यमुना किनारे स्थित प्राचीन माता कालका व बाबा वीर बुलाकी मंदिर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। दो दिवसीय आयोजन के तहत 31 जुलाई को भव्य जागरण और 1 अगस्त को विशाल भंडारा एवं 56 भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और एमएलसी विजय शिवहरे उपस्थित रहे। आगरा शहर, ग्रामीण क्षेत्रों तथा अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने माता कालका और बाबा वीर बुलाकी के दरबार में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा वीर बुलाकी सेवा समिति द्वारा मेले में पधारे अतिथियों तथा वाल्मीकि समाज के बुद्धिजीवियों का फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के लाला भगत जी, राजवीर प्रधान, एडवोकेट विमल कुमार, संतोष डागौर, सोनू चौहान, पवन भगत जी, वरुण देशभक्ति, राजेश रैना, रंजीत भगत, प्रमोद कुमार, गजेंद्र सिंह, अजय चौधरी, आदित्य चौधरी, राजेश साहू, सोनू राज और मुकेश काजल का सहयोग रहा।

### दीवानी न्यायालय परिसर में जजों ने रोपे पौधे

**आगरा।** शनिवार की सुबह जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार मलिक और प्रधान न्यायाधीश तृप्ता चौधरी ने परिवार न्यायालय के कर-कमलों द्वारा दिवानी न्यायालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन एवं पर्यावरण के संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वृक्षारोपण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा लगाए गए पौधों के नियमित संरक्षण का आह्वान किया। इस अवसर पर अमरजीत अपर जिला जज, शारिब अली मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित जनपद न्यायालय, आगरा के समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ के साथ हुआ तथा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

### जनकपुरी महोत्सव की तैयारियाँ शुरू

**आगरा।** उत्तर भारत की सर्वाधिक प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक रामलीलाओं में से एक जनकपुरी महोत्सव एवं भगवान श्रीराम की भव्य बारात अपनी अद्भुत भव्यता, धार्मिक आस्था एवं गौरवशाली परंपरा के लिए देशभर में प्रसिद्ध हैं। लगभग 149 वर्षों से यह महोत्सव निरंतर श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ आयोजित होता आ रहा है। जिसे देखने के लिए देश के विभिन्न शहरों एवं राज्यों से हजारों श्रद्धालु आगरा पहुंचते हैं। वर्ष 2026 में जनकपुरी महोत्सव के आयोजन का दायित्व भावना स्टेट, सिकंदरा के निवासियों ने श्रद्धापूर्वक स्वीकार किया है। महोत्सव के अध्यक्ष राजीव यादव (राजू भाई), संतोष कटारा, मुख्य संरक्षिका आरती शर्मा, नरेंद्र शर्मा तथा भावना स्टेट के सभी निवासी इस आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। भावना स्टेट में जनकपुरी कार्यालय में प्रतिदिन सायं 7 :30 बजे महा आरती का आयोजन किया जाता है। महा आरती में भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सर्व ब्राह्मण कुल समाज समिति (पंजीकृत) के उपाध्यक्ष राजेंद्र पाराशर एवं संगठन मंत्री आशुतोष गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनकपुरी महोत्सव के अध्यक्ष राजीव यादव (राजू भाई), मुख्य संरक्षिका आरती शर्मा, नरेंद्र शर्मा, संतोष कटारा, मनोज जादौन, अरविंद शर्मा, धर्मेंद्र जैन, मनोज बंसल, संजय गोयल, अशोक यादव तथा आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का तिलक एवं पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान कल से

**आगरा।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), बल्केश्वर में 03 से 10 अगस्त तक ह्यदिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0 का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने देते हुए बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य कौशल प्रशिक्षित एवं अन्य इच्छुक दिव्यांगजन युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। इस अभियान के माध्यम से दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक दिव्यांगजन लाभार्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बल्केश्वर, आगरा में अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

# आरबीएस कॉलेज के शिक्षा संकाय में 'दीक्षारम्भ'

## नये सत्र में नशा मुक्ति का अभियान चलाएं जाने पर जोर

टीएनएफ टुडे, आगरा।




राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा संकाय (खंदारी हाउस) में बीएड नवप्रवेशी विद्यार्थियों के तीन दिवसीय अभिमुखता कार्यक्रम के तृतीय दिवस का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के दौरान रोवर्स एवं रेंजर्स तथा बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अतिथियों एवं नवागंतुक विद्यार्थियों का तिलक-वंदन एवं पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम की सभाध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय श्रीवास्तव ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग इसलिए विशेष है, क्योंकि यही वह स्थान है जहाँ शिक्षकों का निर्माण होता है। शिक्षक ही समाज की दिशा और दशा निर्धारित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट शिक्षकीय मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता प्रो. बीना श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को शिक्षकीय दायित्वों, नैतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम संयोजक प्रो. बसंत बहादुर सिंह के निर्देशन में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने पूरे प्रांगण को भक्तिमय एवं संगीतमय वातावरण से आलोकित कर दिया।

डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. धनंजय सिंह, डॉ. अम्बरीष कुमार, डॉ. रुचि श्रीवास्तव, डॉ. तरुण कांत पाठक तथा डॉ. दिनेश कुमार ने क्रमशः विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. बीबी सिंह, प्रो. हरीश चंद्र, डॉ. प्रमेश पाल, डॉ. सुरेश कुमार सिंह, डॉ. सुमनलता कटियार, डॉ. ज्योति द्विवेदी एवं डॉ. अक्षय कुमार सहित शिक्षक शिक्षा संकाय के अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



सावन आयो रे सखी...

### पंचवटी की सखियों ने उमंग के साथ मनाया हरियाली उत्सव

**आगरा।** सावन मास के आगमन पर पार्श्वनार्थ पंचवटी कॉलोनी की सखियों ने शनिवार को फतेहाबाद रोड स्थित दाऊजी मिष्ठान भंडार में पारंपरिक उल्लास के साथ "सावन आयो रे सखी" उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ की आराधना एवं मंगल प्रार्थना से हुआ। जिसके बाद पूरा वातावरण सावन के रंग, उमंग और हंसी-ठिठोली से सराबोर हो गया। सावन उत्सव के दौरान महिलाओं ने तंबोला सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रिमझिम मौसम की थीम पर आयोजित प्रतियोगिताओं में सभी सखियों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह का परिचय दिया। विशेष आकर्षण "हिंदुतानियो के ठाठ" थीम रही। जिसमें प्रतिभागियों ने पुराने दौर की सादगी और आकर्षक अंदाज को जीवंत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सावन के लोकगीतों और आपसी मेल-मिलाप ने पारिवारिक एवं सांस्कृतिक सौहार्द का सुंदर संदेश दिया। सखियों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखते हैं, बल्कि आपसी प्रेम, अपनत्व और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। लता भक्तयानी, सुमन यादव, चांदनी भोजवानी, रेनूका गुघर, उमंग गुप्ता, मंजू अग्रवाल, सुनीला जैन, राजकुमारी लोहिया, कृष्णा गुप्ता, मंजू यादव, वीना माधवानी, अम्बिका गुप्ता, कुसुम लता बाखर आदि मौजूद रहीं।

### मुंशी प्रेमचंद्र का लिखा आज भी प्रासंगिक

### जन्म दिवस पर नागरी प्रचरिणी सभा में किया गया नमन

**आगरा।** मुंशी प्रेमचंद्र को उनके जन्मदिन पर नमन करते हुए उनके लिखे पर अलग अलग तरीके से वक्ताओं ने विचार रख उन्हे आज का भी हिंदी का प्रमुख रचनाकार बताया। उनका कहना लिखना आज के लिए भी मील का पत्थर है।

नागरी प्रचारिणी सभा, आगरा द्वारा आयोजित मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह के मुख्य अतिथि डा. गिरधर शर्मा ने कहा कि ह्लमुंशी प्रेमचंद भारत के उपन्यास सम्राट माने जाते हैं। जिनके युग का विस्तार सन्- 1880 से 1936 तक है। यह कालखण्ड भारत के इतिहास में बहुत महत्त्व का है। केन्द्रीय हिन्दी संस्थान से पधारे मुख्य वक्ता प्रो. उमापति दीक्षित ने कहा कि ह्लप्रेमचन्द की रचनादृष्टि, विभिन्न साहित्य रूपों में अभिव्यक्त हुई। वह बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न साहित्यकार थे। प्रेमचन्द की रचनाओं में तत्कालीन इतिहास बोलता है।ह्ल समारोह के अध्यक्ष और सभा के सभापति डा. खुशीराम शर्मा ने कहा ह्लजिस युग में प्रेमचन्द ने कलम उठाई थी, उस समय उनके पीछे ऐसी कोई ठोस विरासत नहीं थी।

'भारतीय व्यापार महोत्सव' का पोस्टर विमोचन

# केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल और सांसद प्रवीण खंडेलवाल रहे मौजूद

टीएनएफ टुडे, आगरा।




कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आगामी 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक 'भारतीय व्यापार महोत्सव' का आधिकारिक पोस्टर विमोचन फतेहाबाद रोड स्थित होटल ताज रिजॉर्ट में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल रहे। विशेष अतिथि के रूप में कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक (नई दिल्ली) के सांसद श्री प्रवीण खंडेलवाल दिल्ली से आगरा पहुंचे। राष्ट्रीय व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल ने आगरा के व्यापारी बंधुओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्वदेशी अपनाकर देश को विकसित बनाने' के संकल्प को पूरा करने के लिए महोत्सव में भारी संख्या में सहभागिता करने की अपील की। केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि यह व्यापार महोत्सव स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के अभियान को नई ऊंचाइयां देगा।

केंद्रीय मंत्री और कैट नेताओं ने फुटवियर उद्योग, जरदोजी एवं हैंडीक्राफ्ट, स्टोन वर्क एवं पच्चीकारी, सर्जिकल उत्पादन, चांदी उद्योग एवं इमिटेशन ज्वेलरी, ब्रश उद्योग एवं गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, मसाले, पेठा और दालमोंठ उद्योग, इंजीनियरिंग इक्विपमेंट प्रमुख गणमान्य उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम में कैट के उत्तर प्रदेश के सह-संयोजक एवं आगरा के अध्यक्ष रोहित कत्याल, राजेश अग्रवाल, रमेश वाधवा, महेश कर्दम, संजय अरोरा, सोनू कक्कड़, स्वीटी कालरा, अतुल गर्ग, संजय ढींगरा, अभिषेक कपूर, वीनू महाजन, राजीव कोहली, राजीव सेठी और गुलशन कोहली आदि शामिल रहे।

## कार्य अधूरा मिला तो भड़क गईं सीडीओ

# अभियंता सहित अधिकारियों पर जताई नाराजगी, कारण बताओ नोटिस भी दिया

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड अकोला की ग्राम पंचायत जारूआ कटरा एवं विकास खण्ड सैंया की ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर में निमार्णाधीन 02 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। सर्व प्रथम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अकोला की ग्राम पंचायत जारूआ कटरा में निमार्णाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निर्माण में पाई गई आंशिक कमियों को कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को नोट कराते हुए तत्काल ठीक कराकर अवगत कराने निर्देश दिए गये। इस विद्यायल में बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण आवास विकास परिषद द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर परिसर के दाहिने ओर से बाउन्ड्रीवाल का निर्माण ग्रामीणों के अवरोध के कारण रुका हुआ था। इस सम्बन्ध में मौके पर उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी अकोला एवं क्षेत्रीय लेखपाल को संयुक्त रूप से मौके का मुआयना कर विद्यालय के नाम पंजीकृत भूमि के अनुसार सीमांकन कर बाउन्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गये।

इसी प्रकार विकास खण्ड सैया की ग्राम पंचायत में निमार्णाधीन उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में निरीक्षण के समय विद्यालय में बने शौचालयों एवं स्नानघर के अन्तर्गत यूरीनल सीट, शौचालय सीट, वॉश बेसिन, शीशा एवं आवश्यक सामग्री स्थापित नहीं पाई गई। जिसे नियमानुसार एवं मानक अनुसार लगाने के निर्देश दिए गए। उक्त के अतिरिक्त दीवारों पर सीलन आ रही थी। उसे भी तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त भवन की विद्युत वायरिंग एवं रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का कार्य अधूरा पाया गया।

इस सम्बन्ध में सैया में कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अवर अभियन्ता महेश चन्द को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं ठेकेदार के विरुद्ध समयान्तगर्त कार्य पूर्ण न करने के लिए पेनल्टी अधिरोपित करने के निर्देश अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को दिये गये।

### ग्राम विकास अधिकारी को किया निलंबित

विकास खण्ड जैतपुरकलां में ग्राम पंचायत सचिव के पद तैनात ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार को वित्तीय अनियमितता एवं ग्राम पंचायत कि निधि को वित्तीय नियमों के अन्तर्गत व्यय न करने पर जिला विकास अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। अनिल कुमार, ग्राम विकास अधिकारी को निलम्बित उनके पूर्व तैनाती की ग्राम पंचायत बसईकला विकास खण्ड सैया में सचिव पर तैनाती के समय की गई वित्तीय अनियमितताओं में जिला पंचायत राज अधिकारी की जांच आख्या में दोषी पाये जाने पर किया गया है।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

सम्पादकीय

# नेपाल में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा

नेपाल फिलहाल हिंसा की आग को बुझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविक चुनौती केवल कर्फ्यू हटाने की नहीं, बल्कि टूटते सामाजिक विश्वास को फिर से जोड़ने की है। यदि राजनीतिक नेतृत्व, प्रशासन और समाज मिलकर समय रहते इस संकट का स्थायी समाधान नहीं खोजते, तो यह घटना भविष्य में और बड़े सामाजिक टकरावों की चेतावनी साबित हो सकती है। नेपाल की शांति केवल नेपाल का विषय नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया, विशेषकर भारत की सुरक्षा और स्थिरता से भी गहराई से जुड़ी हुई है। नेपाल की 2021 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम आबादी राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 5 प्रतिशत है, लेकिन मधेश और तराई के कई सीमावर्ती जिलों में उनकी हिस्सेदारी राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। सुनसरी, धनुषा, रौतहट, पर्सा और सराही जैसे जिले भारत की खुली सीमा से जुड़े हैं, जहां वर्षों पुराने पारिवारिक, वैवाहिक और व्यापारिक रिश्ते बिहार तथा उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि सीमा के दोनों ओर पैदा होने वाले सामाजिक या सांप्रदायिक तनाव एक-दूसरे को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। भारत के लिए चुनौती केवल सीमा सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अफवाहों, कट्टरपंथी प्रचार, संगठित उकसावे और सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाले दुष्प्रचार पर भी समान रूप से नजर रखना आवश्यक होगा। भारत के लिए यह घटनाक्रम विशेष महत्व रखता है क्योंकि हिंसा प्रभावित अधिकांश जिले भारतीय सीमा से लगे हुए हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश से सटी खुली भारत-नेपाल सीमा दोनों देशों की सबसे बड़ी ताकत भी है और संवेदनशीलता भी। यदि नेपाल में सांप्रदायिक तनाव लंबे समय तक बना रहता है तो उसका असर सीमा पार सामाजिक संबंधों, व्यापार, सुरक्षा और खुफिया चुनौतियों पर भी पड़ सकता है। भारत को नेपाल के साथ सुरक्षा समन्वय, सीमा पर सतर्क निगरानी, अफवाहों और कट्टरपंथी प्रचार पर नजर तथा स्थानीय प्रशासन के बीच बेहतर सूचना साझाकरण को और मजबूत करना होगा। दरअसल, नेपाल की तराई पहली बार बड़े पैमाने पर हिंसा का गवाह नहीं बनी है। वर्ष 2007 का गौर नरसंहार, कपिलवस्तु की जातीय हिंसा और 2015 की टीकापुर घटना इस क्षेत्र की संवेदनशील सामाजिक संरचना की याद दिलाती हैं। इन घटनाओं का स्वरूप धार्मिक नहीं था, बल्कि जातीय और राजनीतिक संघर्षों से जुड़ा था। लेकिन इन सभी घटनाओं में एक समानता स्पष्ट दिखती है कि बड़ी भीड़ रही, प्रशासन की देर से प्रतिक्रिया आई और स्थानीय तनाव ने तेजी से हिंसक रूप ले लिया। यही कारण है कि आज धार्मिक विवाद भी उसी संवेदनशील सामाजिक ढांचे में और अधिक विस्फोटक साबित हो रहे हैं। इसी संदर्भ में नेपाल में बढ़ते धार्मिक ध्रुवीकरण पर भी बहस तेज हो गई है। कुछ राजनीतिक समूह नेपाल की बदलती जनसांख्यिकीय और धार्मिक राजनीति को लेकर चिंता जता रहे हैं तथा इसे बढ़ते इस्लामी प्रभाव या पहचान-आधारित राजनीति से जोड़ रहे हैं, जबकि अन्य विशेषज्ञ इसे सामाजिक अविश्वास, आर्थिक निराशा तथा राजनीतिक ध्रुवीकरण का संयुक्त परिणाम मानते हैं। देखा जाये तो नेपाल इस समय धार्मिक पहचान की राजनीति के बढ़ते प्रभाव का सामना कर रहा है, जिससे सभी समुदायों के बीच तनाव बढ़ने का जोखिम पैदा हुआ है।नेपाल के जिस कप्तानगंज इलाके से इस हिंसा की शुरूआत हुई, वह भारत के बिहार से लगी खुली सीमा के बेहद करीब स्थित है। यह क्षेत्र सुनसरी जिले की देवानगंज ग्रामीण पालिका के अंतर्गत आता है, जहां हिंदू और मुस्लिम समुदाय दशकों से एक-दूसरे के पड़ोसी के रूप में रहते आए हैं। स्थानीय बाजार, स्कूल और सामाजिक जीवन दोनों समुदायों के बीच साझा रहे हैं। यही नजदीकी सामान्य दिनों में सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनती है, लेकिन तनाव की स्थिति में यही भौगोलिक निकटता छोटी-सी कहासुनी को भी कुछ ही घंटों में बड़े सांप्रदायिक टकराव में बदल देने का खतरा पैदा कर देती है। नेपाल की तराई इस समय किसी शांत पहाड़ी देश की तस्वीर नहीं, बल्कि ऐसी बारूद की ढेरी नजर आ रही है, जहां एक मामूली चिंगारी ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। कांवड़ यात्रा की तैयारियों के दौरान डीजे की तेज आवाज को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़पों में बदल गया। पत्थर चले, पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस छोड़ी, चेतावनी के तौर पर फायरिंग हुई और आखिरकार गोलियां चलीं। तीन लोगों की मौत ने इस विवाद को स्थानीय घटना से उठाकर राष्ट्रीय संकट का रूप दे दिया।

# मध्य पूर्व में उथल-पुथल से भारत-खाड़ी संबंधों के लिए चुनौतियां

गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) एक समूह के तौर पर, विकासशील भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जीसीसी के सदस्य देशों के भारत के साथ सांस्कृतिक, आर्थिक और सभ्यतागत संबंध बहुत पुराने हैं। हाल के वर्षों में, यह संबंध पारंपरिक खरीदार-विक्रेता रिश्ते से आगे बढ़कर एक रणनीतिक गठबंधन में बदल गया है, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, रक्षा सहयोग और वहां रहने वाले भारतीयों का कल्याण शामिल है। इस क्षेत्र में मौजूद तेल और गैस के बड़े भंडार भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं। प्रवासी और रेमिटेंस (विदेश से भेजा गया पैसा): दक्षिण एशियाई व्यापार और व्यापक आर्थिक स्थिरता को प्रवासी कामगारों से काफी समर्थन मिलता है। जीसीसी देशों में लगभग 1 करोड़ (10 मिलियन) भारतीय रहते हैं। जीसीसी देशों ने इस क्षेत्र के विकास में भारतीय समुदाय की भूमिका को माना है। यह पश्चिमी एशिया (मुख्य रूप से जीसीसी) और दक्षिण एशिया के बीच व्यापार और रेमिटेंस की स्थिति है, जो हाल के आंकड़ों पर आधारित है। वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत को दुनिया भर से रिकॉर्ड 135.46 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को सबसे ज्यादा रेमिटेंस मिला है। 2024 में मेक्सिको दूसरे स्थान पर रहा, जहां 68 अरब डॉलर आने का अनुमान है। तीसरे स्थान पर चीन रहा, जहां अनुमानित 48 अरब डॉलर आए।भारत को मिलने वाले कुल रेमिटेंस में जीसीसी देशों की हिस्सेदारी लगभग 38% है, जो इस क्षेत्र में बड़ी आर्थिक आमद का जरिया है। भारत में रेमिटेंस पर निर्भरता कुछ खास इलाकों तक सीमित है; अकेले यूएई से भारत को कुल रेमिटेंस का लगभग 19.2% हिस्सा मिलता है। इसके बाद सऊदी अरब का स्थान है, जहां से 6.7% रेमिटेंस आता है। भारत में आने वाले कुल रेमिटेंस (हर साल लगभग $27-28 बिलियन) में महाराष्ट्र का हिस्सा करीब 20.5% है, और केरल का हिस्सा करीब 19.7% (लगभग $26-27 बिलियन) है। इसलिए, खाड़ी देशों (गल्फ) में मंदी का इन दोनों राज्यों पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है।



## भारत-जीसीसी व्यापार

जीसीसी की कुल आबादी 6.15 करोड़ (61.5 मिलियन) है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) $2.3 ट्रिलियन है। कुल द्विपक्षीय व्यापार (वित्त वर्ष 2024-25) $178.56 बिलियन का है। सितंबर 2025 तक भारत में जीसीसी का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) $31.14 बिलियन से ज्यादा हो गया है। भारत इंजीनियरिंग का सामान, चावल, कपड़ा, मशीनरी, रत्न और आभूषण एक्सपोर्ट करता है; और कच्चा तेल, द्रवरूप प्राकृतिक गैस (एलएनजी) , पेट्रोकेमिकल्स और सोना जैसी कीमती धातुएं इंपोर्ट करता है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-खाड़ी व्यापार रिकॉर्ड $178.56 बिलियन तक पहुँच गया, जो भारत के कुल ग्लोबल व्यापार का 15.42% है। इसमें $56.87 बिलियन का एक्सपोर्ट और $121.68 बिलियन का इंपोर्ट शामिल है – जिससे जीसीसी भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर ब्लॉक बन गया है, जो भारत के ग्लोबल व्यापार का 15.42% है। पाँच साल का ट्रेंड: द्विपक्षीय व्यापार सालाना औसतन 15.3% की दर से बढ़ा है। भारत और जीसीसी ने फरवरी 2026 में औपचारिक रूप से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बातचीत शुरू की। इंडस्ट्री के अनुमान के मुताबिक, 2030 तक इस कॉरिडोर में कुल व्यापार $250 बिलियन से ज्यादा हो सकता है।

यूएई के साथ व्यापार $100 बिलियन से ज्यादा (सीईपीए) के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग $101.25 बिलियन) रहा, जिसमें भारत का व्यापार घाटा $26.53 बिलियन था; भारत ने $37.36 बिलियन का एक्सपोर्ट किया और $63.89 बिलियन का इंपोर्ट किया। सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन के साथ व्यापार क्रमशः $41.87 बिलियन (भारत का दूसरा सबसे बड़ा जीसीसी पार्टनर), $14.14 बिलियन, $10.61 बिलियन, $1.64 बिलियन का रहा। भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटना अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति में तेजी से हो रहे बदलावों के कारण भारत-जीसीसी सहयोग के सामने चुनौतियां हैं। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच, सबसे बड़ी चुनौती जीसीसी देशों और भारत के लिए संतुलन बनाए रखने की है। पारंपरिक रूप से, भारत और खाड़ी देशों के बीच हाइड्रोकार्बन को लेकर आर्थिक निर्भरता रही है, लेकिन अब रिन्यूएबल एनर्जी (नवीकरणीय ऊर्जा) की ओर वैश्विक झुकाव के कारण यह संबंध खतरे में है। भारत एक मुश्किल कूटनीतिक स्थिति में है, जहाँ उसे ईरान, इजराइल और सऊदी अरब जैसे क्षेत्रीय दुश्मनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करना पड़ रहा है, खासकर तब जब खाड़ी देश पारंपरिक पश्चिमी सहयोगियों से आगे बढ़कर उभरते एशियाई देशों के साथ नए रणनीतिक गठबंधन बना रहे हैं। इस क्षेत्र का सुरक्षा ढांचा भी बदल रहा है।

## चुनौतियों से निपटने के उपाय

इन भू-राजनीतिक बाधाओं के बावजूद, भारत-जीसीसी सहयोग को नया रूप देने और उसे बेहतर बनाने के लिए कई रणनीतिक कदम उठाए जा सकते हैं। आर्थिक एकीकरण को बढ़ाने और व्यापारिक जोखिमों को कम करने की दिशा में पहला कदम भारत-जीसीसी एफटीए को जल्द से जल्द पूरा करना है। दूसरा कदम यह है कि सहयोग केवल ऊर्जा तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए...इसमें रिन्यूएबल एनर्जी, रिन्यूएबल हाइड्रोजन, खाद्य सुरक्षा, अहम टेक्नोलॉजी और मिलिट्री मैन्युफैक्चरिंग जैसे भविष्य से जुड़े क्षेत्रों को शामिल किया जाना चाहिए। कई बुनियादी रणनीतियां द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत कर सकती हैं और उन्हें भू-राजनीतिक तनावों से बचा सकती हैं: द्विपक्षीय जुड़ाव के ढांचे को क्षेत्रीय से वैश्विक स्तर पर ले जाना: मध्य पूर्व की क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्थाओं की नाजुकता और बहु-ध्रुवीय प्रकृति के कारण, भारत एक व्यापक क्षेत्रीय नीति से हटकर अधिक लक्षित द्विपक्षीय जुड़ाव के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है। जीसीसी सदस्यों के साथ अलग-अलग बातचीत करके भारत भू-राजनीतिक तनाव वाले मुद्दों से बच सकता है। इससे उसे खाड़ी देशों के आपसी मुद्दों, जैसे राजनयिक संकट और ऐतिहासिक नाकेबंदी, को सुलझाने में मदद मिलेगी।

आर्थिक और गैर-तेल संबंधित विविधीकरण के लिए मजबूत गठबंधन: गैर-तेल आर्थिक विविधीकरण में एक दीर्घकालिक बाजार और सहयोगी के रूप में, भारत खाड़ी देशों को सऊदी अरब के 'विजन 2030' जैसी तेल-बाद की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद कर सकता है। बाधाओं को दूर करने के लिए व्यापार समझौतों और व्यापक आर्थिक ढांचे पर तेजी से बातचीत होनी चाहिए। यदि भारत के निवेश-अनुकूल माहौल और नौकरशाही प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाया जाए, तो खाड़ी देशों के समृद्ध सॉवरेन वेल्थ फंड भारत के बुनियादी ढांचे, परिवहन और टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में भारी निवेश कर सकते हैं।

कामगारों की आवाजाही में सुधार और मानव पूंजी पर सहयोग: जीसीसी देशों में काम करने वाले लाखों भारतीयों द्वारा समर्थित पारस्परिक रूप से लाभकारी श्रम संबंध को बदलती आर्थिक स्थितियों के अनुसार ढलना चाहिए। जानबूझकर उच्च-मूल्य वाली सेवाओं, तकनीकी शिक्षा और पेशेवर आदान-प्रदान की ओर बढ़ने से दोनों देशों को जीसीसी अर्थव्यवस्थाओं की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है, जो पारंपरिक रूप से कम-कुशल निर्माण श्रमिकों का समर्थन करती रही हैं।

सप्लाई चेन कनेक्टिविटी और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना: भारत दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों में से एक है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा भारत-खाड़ी संबंधों के लिए महत्वपूर्ण हो जाती है। क्षेत्रीय व्यवधानों से महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों की रक्षा के लिए, भारत और जीसीसी समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत कर सकते हैं।

**– प्रोफेसर (डॉ.) डी.के. पांडे**

# ताज ट्रेपेज़ियम जोन में उद्योगों को अनुमति देने में जल्दबाजी न हो

क्या हम ताजमहल को बचा रहे हैं, या धीरे-धीरे उसे धूल, धुंध और धुएँ में दफन कर रहे हैं?

आगरा की हवा साल के अधिकांश दिनों में जहरीली रहती है। हर दिन उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम गुजरने वाले हजारों ट्रक, डंपर, बसें और भारी वाहन शहर की साँसों पर नया बोझ डालते हैं। यमुना और सहायक नदियाँ सूख रही हैं, तालाब और झीलें गायब हो चुकी हैं, पेड़ों की हरियाली घट रही है और सड़कों पर बेकाबू ट्रैफिक दम घोंट रहा है। ऐसे हालात में ताज ट्रेपेज़ियम जोन में नए उद्योगों की अनुमति देने से पहले हर फायदे और संभावित नुकसान का गहरा, वैज्ञानिक आकलन जरूरी है। आज का छोटा फैसला आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ी पर्यावरणीय त्रासदी बन सकता है।

**TTZ** ताज ट्रिपेजियम जोन (लगभग 10,400 वर्ग किमी) में 1990 के दशक से वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 1990 के आसपास आगरा क्षेत्र में लगभग 1.9झ2.1 लाख वाहन थे; 2026 के मध्य तक निजी वाहन लगभग 8.5 लाख पहुँच गए हैं (आरटीओ का कुल आँकड़ा करीब 16.9 लाख)। यह 35 वर्षों में 4-8 गुना वृद्धि है।

स्थानीय वाहनों की यह वृद्धि पारगमन यातायात से और बढ़ जाती है। आगरा यमुना एक्सप्रेसवे (रोजाना 50,000 से अधिक वाहन) और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भारी यातायात है। राष्ट्रीय राजमार्गों से भी हजारों ट्रक और बसें गुजरती हैं। स्थानीय और पारगमन यातायात से वाहन-किलोमीटर लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे प्रदूषण नियंत्रण के हालिया प्रयास कमजोर पड़े हैं। अध्ययन और आधिकारिक आकलन बार-बार वाहनों को ळ्ळे की हवा की गुणवत्ता की समस्या का प्रमुख कारण बताते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के पूर्ण प्रतिबंध में कुछ राहत देते हुए ळ्ळे में लगभग 400 लंबित गैर-प्रदूषणकारी एमएसएमई आवेदनों पर विचार करने की अनुमति दी है। इसे उद्योगों के लिए खुला निमंत्रण नहीं समझना चाहिए। अदालत ने रोजगार और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने का निर्देश दिया; हर आवेदन को ठएएफ्क्रऔर उएउ के विशेषज्ञों की सहमति से मंजूरी लेनी होगी और विवाद में अंतिम निर्णय सुप्रीम कोर्ट करेगी। भविष्य में किसी भी ढील को बेहद एहतियात के साथ ही देना चाहिए। क्षेत्र की हवा अभी भी चिंताजनक है और खतरे टले नहीं हैं।

1996 में सुप्रीम कोर्ट ने कोयला/कोक से चलने वाले सैकड़ों उद्योगों को प्राकृतिक गैस अपनाने या बंद करने का आदेश दिया था। तब $SO_2$ का स्तर 17–22 μg/m³ और SPM 400-750 μg/m³ तक था। आदेश से $SO_2$ घटकर 4–10 μg/m³ रह गया और $NO_2$ भी कम हुआ, जिससे ताजमहल को पहुंचने वाले नुकसान में राहत मिली।

फिर भी पूरा चित्र तसल्लीबख़्श नहीं है। बारीक धूल-कण अभी भी बहुत अधिक हैं। $PM_{10}$ कई स्थानों पर 120–180 μg/m³ या अधिक दर्ज होता है; संवेदनशील क्षेत्रों की सीमा 60 है। $PM_{2.5}$ का वार्षिक औसत अक्सर 80–100 μg/m³ रहता है। सर्दियों में स्थिति और खराब होती है। मानसून में वायु गुणवत्ता कभी-कभी सामान्य रहेती है, पर सर्दियों में अक्सर "खराब" या "गंभीर" श्रेणी में पहुँच जाती है। यही धूल ताजमहल पर जमती है और लोगों की सेहत पर बुरा असर डालती है। पिछले तीन दशकों में सुधार हुआ है, पर मंज़िल दूर है। प्रदूषण का कारण सिर्फ.उद्योग नहीं है। यमुना लगभग सूख चुकी और प्रदूषित है; नदी अब वह नमी और ठंडक नहीं देती जो कभी आसपास का प्राकृतिक वातावरण बनाए रखती थी। मिट्टी कटाव बढ़ रहा है, हरियाली घट रही है; कुछ हिस्सों में हरित क्षेत्र लगभग 7 प्रतिशत रह गया है। पेड़ों की कमी से धूल नियंत्रित नहीं हो पाती। सड़कों की धूल, निर्माण, छोटे उद्योग, वाहनों का धुआँ और पराली/बायोमास जलाने का धुँआ भी संकट बढ़ा रहे हैं।

इन हालात में TTZ को और खोलना, चाहे उद्योग "गैर-प्रदूषणकारी" ही क्यों न हों, सुरक्षित नहीं है। क्षेत्र की पर्यावरणीय वहन क्षमता का पूर्ण अध्ययन नहीं हुआ है और विजन डॉक्यूमेंट लंबित है। एक बार उद्योग लग जाने के बाद नियमों का सख़्ती से पालन कराना मुश्किल रहा है। नए उद्योगों से यातायात, निर्माण और ऊर्जा मांग बढ़ेगी, जिससे अब तक मिले लाभ कमजोर पड़ सकते हैं।

इसलिए आगे बढ़ने का रास्ता सोच-समझकर तय किया जाना चाहिए। केवल उन्हीं व्हाइट और ग्रीन श्रेणी के एमएसएमई को अनुमति मिलनी चाहिए जो बिजली या प्राकृतिक गैस का उपयोग करें और जिनकी हर आवेदन पर विशेषज्ञों द्वारा गहराई से जाँच हो। प्रक्रिया पारदर्शी रखी जाए।

साथ ही यमुना में स्वच्छ जल बहाल करना, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, मिट्टी संरक्षण, सड़कों व वाहनों पर कड़ा नियंत्रण और वायु गुणवत्ता की निगरानी व रिपोर्टिंग भी जरूरी हैं। जब तक धूल-कणों का स्तर स्पष्ट रूप से घटकर क्षेत्र की पर्यावरणीय क्षमता मजबूत न हो जाए, उद्योगों को और छूट नहीं दी जानी चाहिए।

ताजमहल केवल एक इमारत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यावरण की सेहत का आईना है। 1996 के सख्त नियमों ने प्रदूषण घटाने में सिद्ध किया था।

**–ब्रज खण्डेलवाल**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 03 अगस्त 2026 सोमवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन सिंह तुला धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। सोमवार का दिन साक्षात देवों के देव महादेव भगवान शिव की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन शिव शंभु को तांबे या कांस्य के पात्र से जल में गंगाजल और सफेद चंदन मिलाकर अर्घ्य देना तथा शिव चालीसा का वाचन करना जीवन में असीम मानसिक शांति आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। भगवान शिव को जल अर्पित करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। शिव पंचाक्षर मंत्र का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। शिवलिंग पर बेलपत्र अर्पित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊर्जावान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता गौरी को सफेद पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सफेद चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी शिवालय में जल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। शिव कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। भोलेनाथ को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। गाय को हरी घास या भोजन खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी शिव मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

सोमवार के दिन घर के मुख्य हॉल में उत्तर की दिशा में साफ जल से भरा हुआ पीतल या तांबे का कलश स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात महादेव की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# ब्रज की भव्य छवि लेकर लौटें श्रद्धालुः मिश्र

## नगर मजिस्ट्रेट ने कमर कस ली हैं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के लिए

हरी मोहन रावत

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।** ब्रज की अलौकिक एवं मन मोहक छवि लेकर हर श्रद्धालु अपने घर वापस जाए। यहां किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। राह चलने से लेकर दर्शन की कतार तक सुव्यवस्थित रहे। देश एवं विदेश से पहुंचने वाले हर श्रद्धालु धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का आनंद उठाए। इसके लिए वह प्राधिकरण एवं निगम के साथ समन्वय स्थापित कर अपने संकल्पों को पूरा करने में जुटेंगे।

ये बात सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा ने टीएनएफ टुडे से खास मुलाकात में कहीं। 2019 बैच के पीसीएस अधिकारी अनुपम कुमार मिश्र अपनी तेज तर्रार कार्य शैली के लिए गोरखपुर से यहां भेजे गए। उन्हें यहां वर्ष भर पहुंचने वाले पर्यटक,



श्रद्धालू की समुचित व्यवस्था के साथ जिला प्रशासन में बेहतर समन्वय के लिए विशेष तौर पर यहां तैनात किया गया। मुलाकात में उन्होंने बताया कि ब्रज में सेवा करना उनके लिए अति सुखदायक एवं पूरे जीवन को फलीभूत करने जैसा है। वह प्रातः उठकर भगवान श्री कृष्ण का नाम लेकर अपनी दिनचर्या शुरू करते हैं।



पूरे दिन लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर मथुरा एवं वृंदावन में शांति एवं सौहार्द बना रहे जुटे रहते हैं।

हाल ही में मानकों रहित चल रहे गेस्ट हाउस एवं होटलों को भी व्यवस्थित करने पर जोर दिया जा रहा है। जिनके मानक पूरे होंगे,उन्हें सील खोलकर अपने कार्य के लिए मुक्त किया जाएगा। जाम की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि वह निगम के साथ मिलकर इस दिशा में इसी सप्ताह काम करेंगे। क्योंकि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर उमड़ने वाले भक्तों के सैलाब को कोई परेशानी न हो सके। निगम भी इस दिशा में बेहतर काम कर रहा है। उन्होंने फुटपाथ घेरकर व्यापार करने पर नाराजगी जताई। कहा कि निगम के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर इसे दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए जनपद के लोगों से भी सहयोग मांगा। मटकी फोड़ो एवं भंडारों के आयोजनों पर उन्होंने कहा उनका यह पहला अवसर है। इस संबंध में जिला अधिकारी के जो भी निर्देश होंगे, शत प्रतिशत पालन कराया जाएगा। पहला फोकस शांति एवं सौहार्द स्थापित करने का रहेगा। शहर में सीसीटीवी कैमरे के साथ हर गेस्ट हाउस, होटल एवं धर्मशालाओं पर नजर रहेगी।

मथुरा से पहले श्री मिश्र को 6 मई 2020 को बस्ती में डिप्टी कलेक्टर के रूप में नियुक्ति मिली। 19 मार्च 2021 को गोरखपुर में डिप्टी कलेक्टर बने। गोरखपुर में ही 14 मार्च 2023 को गीडा के ओएसडी बने। 31 जनवरी 2026 से नगर मजिस्ट्रेट मथुरा के रूप में तैनाती मिली।



### क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल कायम रखने छाता कोतवाली पुलिस ने किया पैदल गश्त, जनता को दिलाया सुरक्षा का अहसास

**मथुरा।** छाता क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को छाता कोतवाली पुलिस ने नगर के मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) किया। कोतवाली प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने कस्बा छाता के प्रमुख चौराहों, मुख्य बाजार, बस स्टैंड और संवेदनशील इलाकों में गश्त की। गश्त के दौरान पुलिस बल ने सड़क किनारे संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ की और नियम उल्लंघन करने वालों को कड़ी हिदायत दी। साथ ही, दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से संवाद साधकर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। आम जनता खुद को सुरक्षित महसूस करे और व्यापारी निर्भीक होकर अपना कारोबार कर सकें, इसीलिए नियमित रूप से पैदल गश्त की जा रही है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस की इस मुस्तैदी और पैदल गश्त से स्थानीय व्यापारियों और आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है। गश्त के दौरान कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### कंटेनर की टक्कर से पुलिस जीप गिरी खाई में, दो सिपाही गंभीर रूप से घायल



मथुरा। आगरा-दिल्ली हाईवे पर शुक्रवार देर रात गश्त के दौरान रैपुराजाट पुलिस चौकी की सरकारी जीप को पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुलिस जीप सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी, अनियंत्रित कंटेनर भी खाई में पलट गया। हादसे में जीप सवार दो पुलिसकर्मी गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि शुक्रवार रात रैपुराजाट पुलिस चौकी की सरकारी जीप हाईवे पर नियमित गश्त कर रही थी। बताया गया कि चार पुलिसकर्मियों को चौकी पर छोड़ने के बाद जीप गश्त के लिए निकली थी। इसी दौरान भीमनगर के समीप गोवर्धन ड्रेन के पास मथुरा से आगरा की ओर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से पुलिस जीप में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही जीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद कंटेनर भी संतुलन खोकर खाई में पलट गया। हादसे में पुलिसकर्मी भरत और मोहित गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मौके से कंटेनर चालक को हिरासत में ले लिया है, जबकि उसका क्लीनर हादसे के बाद फार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को भी कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सीओ रिफाइनरी प्रवीण तिवारी ने बताया कि रैपुराजाट पुलिस चौकी की गश्ती जीप को कंटेनर ने पीछे से टक्कर मारी थी। हादसे में घायल मोहित और भरत को आगरा के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। दोनों का उपचार चल रहा है। कंटेनर चालक और वाहन को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जीजा साले को अज्ञात वाहन ने रौंदा, साले की मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा। गोवर्धन परिक्रमा कर लौट रहे जीजा-साले सड़क हादसे का शिकार हो गए। थाना मगोर्रा क्षेत्र के मथुरा-भरतपुर मार्ग पर मकेरा पुलिया के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 30 वर्षीय राकेश की मौत हो गई, जबकि उनके जीजा सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। नगला प्रानसुख निवासी राकेश अपने जीजा सुशील के साथ गोवर्धन की परिक्रमा कर बुधवार सुबह करीब 8 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। घायल सुशील का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं, दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

### हल्की बारिश और ठंडी हवाओं से तापमान गिरा, श्रद्धालु खुश

**मथुरा।** गोवर्धन में कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और उमस से स्थानीय निवासियों तथा श्रद्धालुओं को राहत मिली है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश और तेज ठंडी हवाएं चलीं, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। इस बदलाव से जनजीवन सामान्य हुआ और क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना। मौसम सुहावना होने के बाद गिरिराज महाराज की परिक्रमा और दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में खुशी देखी गई। गर्मी और उमस के कारण पहले जो यात्रा कष्टदायक थी, वह अब सुगम हो गई है। दूर-दराज से आए यात्रियों ने गिरिराज बाबा के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और शीश नवाया। श्रद्धालुओं ने गर्मी से मिली राहत के लिए गिरिराज जी महाराज का आभार व्यक्त किया तथा सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से प्रचंड गर्मी के कारण दोपहर में सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता था, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था। मौसम में आए इस बदलाव के बाद गोवर्धन के प्रमुख बाजारों, परिक्रमा मार्ग और कुंडों के आसपास फिर से रौनक लौट आई है। दुकानदारों में उत्साह है और परिक्रमार्थी जयकारे लगाते हुए अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं। इस प्राकृतिक राहत से धर्मनगरी में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# वृंदावन रंगनाथ मंदिर में सजी गज-ग्राह लीला

- भगवान रंगनाथ ने गरुड़ वाहन पर सवार होकर दर्शन दिए

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

धार्मिक नगरी वृंदावन स्थित प्रसिद्ध रंगनाथ मंदिर में सावन के पावन अवसर पर परंपरागत गज-ग्राह लीला का भव्य मंचन किया गया। दक्षिण भारतीय वैष्णव परंपरा के अनुसार आयोजित इस दिव्य आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे। भगवान रंगनाथ के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

परंपरा के अनुसार भगवान रंगनाथ गर्भगृह से स्वर्ण निर्मित गरुड़ वाहन पर सवार होकर शोभायात्रा के रूप में पूर्वी द्वार स्थित पवित्र पुष्करणी तक पहुंचे। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक पाठ के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुष्करणी पहुंचने के बाद सेवायतों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और पाठ संपन्न कराया गया। इसके बाद गज-ग्राह लीला का प्रतीकात्मक मंचन प्रारंभ हुआ। पौराणिक कथा के अनुसार जलाशय में स्नान कर रहे गजराज को ग्राह (मगरमच्छ) अपने जबड़ों में जकड़ लेता है। लंबे संघर्ष के बाद जब गजराज भगवान विष्णु का स्मरण करता है, तब भगवान तत्काल उसकी रक्षा के लिए पहुंचते हैं। इसी प्रसंग का सजीव मंचन किया गया, जिसमें भगवान रंगनाथ बिना चरण पादुका धारण किए गरुड़ पर सवार होकर पहुंचे और सुदर्शन चक्र से ग्राह का वध कर गजराज को संकट से मुक्त कराया। साथ ही ग्राह को भी मोक्ष प्रदान किया गया। करीब आधे घंटे तक चली इस दिव्य लीला के दौरान श्रद्धालु भक्ति में डूबे रहे और लगातार भगवान के जयकारे लगाते रहे। लीला के समापन पर कुंभ आरती संपन्न हुई, जिसके बाद भगवान रंगनाथ की सवारी पुनः गर्भगृह में विराजमान हुई। मंदिर के अनुज स्वामी ने बताया कि यह पौराणिक परंपरा मंदिर की स्थापना काल से चली आ रही है। इसका संदेश यही है कि भगवान अपने सच्चे भक्त की पुकार सुनकर उसकी रक्षा के लिए तुरंत उपस्थित होते हैं।

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर 45 दिवसीय बुनकर प्रशिक्षण शुरू

- 30 महिलाओं को मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण
- प्रतिदिन ?300 मानदेय एवं प्रशिक्षण उपरांत करघा उपलब्ध कराया जाएगा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय, बुनकर सेवा केंद्र मेरठ एवं दीनदयाल बुनकर केंद्र, गऊ ग्राम परखम के संयुक्त तत्वावधान में 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस-2026 के अवसर पर 'समर्थ' योजना के अंतर्गत 45 दिवसीय हथकरघा बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को अशोक सिंघल हॉल, गऊ ग्राम परखम में हुआ। कार्यक्रम में हथकरघा उद्योग के संरक्षण, संवर्धन एवं ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि प्रशिक्षित महिलाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर बाजार और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय गौसेवा के अजीत महापात्रा ने कहा कि हथकरघा केवल रोजगार का माध्यम नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी है। यदि गांव की महिलाएं अपने घर से उत्पादन कर बाजार से जुड़ेंगी तो परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के राज्यमंत्री उपाध्यक्ष वीरेंद्र सेमवाल ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। वस्त्र मंत्रालय के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपनिदेशक तपन शर्मा ने कहा कि विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को कौशल विकास से जोड़ना है। बुनकर प्रशिक्षण केंद्र के उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने बताया कि 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 महिलाओं को हथकरघा बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी महिला को प्रशिक्षण अवधि में प्रतिदिन 300 का मानदेय दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद परीक्षा आयोजित होगी तथा सफल प्रतिभागियों को लगभग ?30 हजार लागत का करघा उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर निर्धारित अनुदान का लाभ भी मिलेगा।

मंत्री नितिन बहल,मंत्री हरिशंकर शर्मा ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन अजय वर्मा ने किया। इस अवसर पर दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल, राहुल गोयल, अर्पित महेश्वरी, उदित बंसल, शशिकांत, राम पाठक, किशन, अशोक, रामवीर फौजदार, महिपाल सिंह, पारस, राजदर्शन, राजेंद्र प्रधान, गोविन्द, हरिनारायण, हरेंद्र, गौरी, जगन प्रधान आदि उपस्थित रहे।

### 165 ग्राम अवैध गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने बीतीरात चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एनएच-19 हाईवे से रेलवे कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर (करीब 50 मीटर दूर) पर तस्कर गुलशन पुत्र रोहतान सिंह निवासी सरिता विहार, रांची बांगर को 165 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मु0अ0सं0 223/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना रिफाइनरी मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल (थाना रिफाइनरी, मथुरा) उ0नि0 विक्रान्त तोमर (थाना रिफाइनरी, मथुरा) रि0का0 857 अमित यादव (थाना रिफाइनरी, मथुरा) रि0का0 606 सौरव सागर (थाना रिफाइनरी, मथुरा) शामिल है।

# प्रियाकान्तजु मंदिर पर महाशिव पुराण कथा में पहुँची केबीनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य

## ब्रज में शिव अराधना का अवसर मिला यह सौभाग्य की बात हैः बेबीरानी मौर्य






टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

वृन्दावन प्रियाकान्तजु मंदिर पर चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महाशिवपुराण कथा में केबीनेट मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेबीरानी मौर्य ने कथा श्रवण की। देवकीनंदन महाराज ने कथा क्रम में बिन्दुक और चंचुला की कथा प्रसंग का वर्णन सुनाया। आयोजन के तृतीय दिवस पर 2 लाख 51 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर विधि विधान से उनका अभिषेक किया गया।

शनिवार को आयोजन में शामिल होने पहुँची केबीनेट मंत्री बेबीरानी मोर्य ने व्यासपीठ पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में ब्रज में शिव अराधना का अवसर मिला यह सौभाग्य की बात है। शिव स्वंय विष ग्रहण कर सभी का भला करते हैं।

- सत्संग से बदल जाता है जीवन, मिलती है भगवान की कृपाः देवकीनंदन महाराज

शिव की कथाओं का सार मानव मात्र को शांतिपूर्ण एवं आध्यात्मिक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। महाशिवपुराण श्रवण कराते हुये देवकीनंदन महाराज ने कहा कि सत्संग मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा परिवर्तनकारी साधन है। मनुष्य कितना भी पापी या अधर्म के मार्ग पर क्यों न चला गया हो, यदि वह सच्चे मन से पश्चाताप करे, सत्संग का आश्रय ले और भगवान की भक्ति में लग जाए, तो उसका जीवन बदल सकता है। बिन्दुक-चंचुला कथा प्रसंग में उन्होने कहा कि जब व्यक्ति संतों के श्रीमुख से भगवान की कथा, भजन और धर्म का उपदेश सुनता है, तो उसके भीतर छिपा हुआ विवेक जागृत होता है। धीरे-धीरे उसके विचार, व्यवहार और जीवन की दिशा बदलने लगती है।

जहाँ सत्संग होता है, वहाँ भगवान की कृपा अवश्य बरसती है। हरिद्वार के संत स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश शर्मा, सत्य भूषण जैन, एसपीएल सैकेट्री योगेश शर्मा, दिव्य वरदान डायरेक्टर मनमोहन शर्मा एवं मुख्य यजमान ने व्यासपीठ पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण किया ।

# श्रद्धालु का ई रिक्शे में छूटा बैग, बैग में रखी थी पिस्टल

- गोवर्धन में परिक्रमा करने आया था श्रद्धालु
- पुलिस ने सत्यापन के बाद श्रद्धालु को बुलाकर सुरक्षित लौटाया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

गोवर्धन धाम में गिरिराज महाराज की परिक्रमा करने आए ग्रेटर नोएडा के श्रद्धालु का बैग ई रिक्शे में छूट गया, जिसमें लाइसेंसी पिस्टल, दो मैगजीन, मोबाइल और जरूरी दस्तावेज थे। सूचना मिलते ही गोवर्धन पुलिस ने बैग बरामद कर सत्यापन के बाद पूरा सामान श्रद्धालु को सुरक्षित सौंप दिया।

ग्रेटर नोएडा निवासी लोकेश पुत्र तुलाराम बृहस्पतिवार को गिरिराज महाराज की परिक्रमा और दर्शन के लिए गोवर्धन आए थे। परिक्रमा के दौरान ई-रिक्शे से यात्रा करते समय उनका बैग वाहन में ही छूट गया। बैग में लाइसेंसी पिस्टल, मैगजीन, पहचान पत्र, एटीएम व डेबिट कार्ड, मोबाइल फोन, पावर बैंक तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। बैग खोने की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बैग को सुरक्षित बरामद कर लिया। इसके बाद लोकेश को थाने बुलाकर सामान का सत्यापन कराया गया और सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बैग व उसमें रखा पूरा सामान उन्हें सौंप दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समय रहते बैग बरामद हो जाने से किसी भी संभावित दुर्घटना या दुरुपयोग की आशंका टल गई। अपना सामान सुरक्षित वापस मिलने पर लोकेश ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### फूलों के हिंडोले में विराजमान होकर राजाधिराज ने दिए अपने भक्तों को दर्शन



**मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के द्वारा किया जाता है। उसी परंपरा के तहत आज सावन मास के तीसरे दिन ठाकुर जी महाराज फूलों के हिंडोले में विराजमान हुए। पुष्टिमार्गीय परंपरा में ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने के तहत घटा और हिंडोला में विराजमान कराया जाता है।

# पुलिस ने दो तस्करों से बरामद किया 13, 670 किलोग्राम अवैध गांजा

## 14 किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, मोटर साइकिल बरामद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

थाना फरह पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर को 13.670 किलोग्राम अवैध गांजे और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार थाना फरह प्रभारी छोटेलाल अपनी टीम के साथ चैकिंग अभियान में थी कि नगला दौजी की पुलिया से अछनेरा



रोड की तरफ मोटर साइकिल पर संदिग्ध आते नजर आए पुलिस ने रोका तो बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे पुलिस ने घेराबंदी करते हुए रोहित पुत्र अश्वनी कुमार, मनीष पुत्र सोनपाल को पकड़ लिया। उनके कब्जे से 13.670 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस को पकडे गए आरोपितों ने बताया वे रितेश (पुत्र विनोद, निवासी दुधाधारी, थाना जमुनापार, जनपद मथुरा) से गांजा खरीदकर लाते थे और मुनाफा कमाने के लिए फुटकर में बेचते थे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी (रिफाइनरी सर्किल, जनपद मथुरा) प्र0नि0 छोटेलाल (थाना फरह, जनपद मथुरा) उ0नि0 प्रवीण कुमार (चौकी प्रभारी परखम, थाना फरह) उ0नि0 अजय सिंह मलिक (चौकी प्रभारी कस्बा, थाना फरह) है0का0 515 विनय कुमार (थाना फरह) का0 1034 धीरेन्द्र कुमार (थाना फरह) रि0का0 नितिन कुमार (थाना फरह) रि0का0 विक्की (थाना फरह) रि0का0 पवन (थाना फरह) शामिल रहे।

# 13 दिन की कलश कांवड़ यात्रा का करहल में हुआ स्वागत, 2027 में सपा सरकार बनने की कामना



टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।

वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने की कामना को लेकर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली जा रही 13 दिवसीय कलश कांवड़ यात्रा का शनिवार को करहल स्थित नरसिंह यादव इंटर कॉलेज में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने सावन माह में रामपुर से अपनी यात्रा शुरू की थी और इटावा स्थित केदारेश्वर मंदिर में गंगाजल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने की प्रार्थना की।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने करीब 75 किलोग्राम वजनी कांवड़ अपने कंधों पर उठाकर पूरी यात्रा संपन्न की। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह यात्रा लगातार 13 दिनों तक चली और इसका उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्रदेश में सुख-समृद्धि एवं समाजवादी पार्टी की सफलता की कामना करना था।

करहल पहुंचने पर नरसिंह यादव इंटर कॉलेज परिसर में यात्रा का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यासी जितेंद्र यादव 'डिम्पल' ने यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए उनके संकल्प की सराहना की।

इस दौरान स्वागत कार्यक्रम में ब्रजकुमार यादव, एडवोकेट सत्य प्रकाश यादव, इंद्रपाल यादव, मालिखान सिंह, ब्रह्मानंद यादव, नीरज यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान यात्रा की सफलता की कामना की गई तथा उपस्थित लोगों ने भगवान भोलेनाथ से प्रदेश में खुशहाली एवं समाजवादी पार्टी की सरकार बनने की प्रार्थना की।

## अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने 21 अगस्त को लेकर किया विचार मंथन

**शिकोहाबाद** । अटेवा पेंशन बचाओ मंच फिरोजाबाद की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय कृष्णज कुंज मेला वाला बाग शिकोहाबाद पर आयोजित की गई, जिसमें जनपद में सदस्यता अभियान की शुरूआत करने को लेकर चर्चा की गई। प्रांतीय आव्हान पर पूर्व घोषित 21 अगस्त तिरंगा यात्रा कार्यक्रम, 25 सितंबर लखनऊ चलो रैली को लेकर रणनीति तैयार की गई । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली लाखों परिवारों के भविष्य से जुड़ा हुआ मामला है। अब आंदोलन को तेज करने का समय आ गया है। जिला महामंत्री डॉ सहदेव सिंह चौहान ने सभी शिक्षको और कर्मचारियों से कहा है कि वे अपने हक की लड़ाई पुरानी पेंशन बहाली के लिए 21 अगस्त को होने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल हो। इस अवसर पर गौरीशंकर बिंद, रामपाल सिंह, विकास यादव, चंदन यादव, सुधीर यादव, जय कुमार सिंह, सौरभ यादव, अविनाश यादव, विमल यादव, विकास कुमार, अमित कुमार आदि शिक्षक मौजूद थे ।

# श्रावण मास में करहल नगर को स्वच्छ, रोशन और पेयजल युक्त बनाने की तैयारी

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों को दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।





नगर पंचायत करहल में शनिवार को अध्यक्ष अब्दुल नईम की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। नगर पंचायत कार्यालय में हुई इस बैठक में पत्रकारों, सभासदों तथा कर्मचारियों को श्रावण मास के दौरान नगर में विशेष व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक जनहित से जुड़ी सुविधाएं पहुंचाना है और श्रावण मास में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि नगर के सभी मंदिरों और उनके आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही मस्जिदों, मुख्य मार्गों और सभी वार्डों की गलियों में भी नियमित सफाई कराई जाएगी। सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए सुपरवाइजरों को नगर का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मंदिरों के आसपास चूना डालने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया है।

नगर में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चिन्हित कर दो दिनों के भीतर चालू कराने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से मंदिरों और मस्जिदों के आसपास पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

श्रावण मास में पेयजल व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी गई है। नगर पंचायत ने प्रत्येक सोमवार को तीन समय नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए हैं। इसके अलावा अधिकारियों को नगर भ्रमण कर लोगों से सीधे संवाद स्थापित करने, उनकी शिकायतें एवं सुझाव प्राप्त करने तथा उन पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रेस वार्ता में नगर पंचायत के सभासद, कर्मचारी, सुपरवाइजर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल नईम ने सभी पत्रकारों और कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## स्व. नरसिंह यादव की 23वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

टीएनएफ टुडे, करहल।



क्षेत्र स्थित नरसिंह यादव इंटर कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय नरसिंह यादव की 23वीं पुण्यतिथि शनिवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-पूजन से हुआ, जिसके बाद उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उपस्थित लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य न्यासी एवं स्व. नरसिंह यादव के नाती जितेंद्र यादव 'डिम्पल' ने कहा कि उनके बाबा ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि सभी ने स्व. नरसिंह यादव के बताए आदर्शों, सिद्धांतों और मूल्यों पर चलने का संकल्प लिया तथा उनके सपनों को आगे बढ़ाने का भरोसा जताया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने स्व. नरसिंह यादव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान प्रधानाचार्य मनीष त्रिपाठी, जोनी यादव, नरेंद्र यादव, ब्रह्मानंद यादव, नीरज, एच.के. सत्तारिया, प्रबंधक किरण यादव, जानकी नंदन, मंजू देवी, रमन, विनीता सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कंथरी ग्रामप्रधान समेत दो प्रधानो ने की राष्ट्रीय कार्यशाला में शिरकत

**शिकोहाबाद।** घर आई नन्ही परी फाउंडेशन द्वारा लोक भवन, गांधीनगर (गुजरात) में प्राकृतिक खेती एवं एआई टेक्नोलॉजी से सशक्त पंचायत - समृद्ध भारत विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले से शिकोहाबाद ब्लॉक के कंथरी के प्रधान व बसई मोहम्मदपुर की प्रधान ने भी सहभागिता की। मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत तथा विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री पंचायती राज मंत्री ऋषिकेशभाई पटेल रहे। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में वहां के जिलो के सरपंचों ने सहभागिता की। ग्रामीण विकास, प्राकृतिक खेती, महिला नेतृत्व एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित पंचायत सशक्तिकरण पर गहन विचार-विमर्श हुआ। जिला फिरोजाबाद से दो ग्राम पंचायतों के प्रधान को आमंत्रित मिला ग्राम पंचायत कंथरी के प्रधान इंजी. प्रदीप कुमार, बसई मोहम्मदपुर की ग्राम प्रधान निहारिका वर्मा ने भाग लिया।

इसमें फिरोजाबाद के रहने वाले तथा मुरादाबाद में जिला भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार ने भी भाग लिया एवं प्राकृतिक खेती एवं भूमि जल संरक्षण पर संबोधन किया। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती के माध्यम से मिट्टी, जल, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया।

## वन विभाग की भूमि पर अवैध धान रोपाई का आरोप, डीएम से कार्रवाई की मांग

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।

करहल तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला गुन्हैया निवासी सुखवीर सिंह पुत्र श्री बालकिशन ने जिलाधिकारी मैनपुरी के नाम प्रार्थना पत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस में देकर वन विभाग की आराजी पर कथित रूप से दबंगों द्वारा अवैध धान की रोपाई किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि ग्राम तखरऊ स्थित वन विभाग की आराजी गाटा संख्या-267 पर कुछ लोगों ने कथित रूप से धान की रोपाई कर दी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह भूमि वन विभाग की है और करीब दो वर्ष पहले इसी स्थान पर वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण भी कराया गया था। इसके बावजूद दोबारा खेती किए जाने से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सरकारी भूमि पर किया गया यह कब्जा पूरी तरह अवैध है और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वन विभाग की भूमि पर स्थायी अतिक्रमण हो सकता है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि संबंधित भूमि से अवैध धान की फसल हटवाकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि वन विभाग की आराजी पर वृक्षारोपण होने के बाद भी खेती किया जाना नियमों के विपरीत है। ऐसे में सरकारी संपत्ति की सुरक्षा और वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। अब इस प्रकरण में प्रशासनिक जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई स्पष्ट हो सकेगी।

# फर्जी प्रधानमंत्री आवास आवंटन की जांच की मांग, सीडीओ से शिकायत

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।



तहसील करहल के संपूर्ण समाधान दिवस में एक शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कथित रूप से फर्जी तरीके से आवास आवंटित किए जाने का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम मक्खनपुर निवासी मुकेश पुत्र जबर सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि श्रीमती रजनी पत्नी अनिल वर्मा निवासी सरार्फा मार्केट, करहल, को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नियमों के विपरीत दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि रजनी अपने पति के साथ निवास करती हैं तथा उनके नाम पर सरार्फा मार्केट में दो मंजिला दुकानें संचालित हैं। साथ ही उनके पास तीन मंजिला आवासीय भवन और अन्य चल-अचल संपत्ति भी होने का दावा किया गया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि पर्याप्त संपत्ति होने के बावजूद शासन की आंखों में धूल झोंककर पात्रता छिपाई गई और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास का लाभ प्राप्त कर लिया गया। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

मुकेश ने अपने प्रार्थना पत्र में मांग की है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही आवंटित राशि की वसूली तथा आवश्यक होने पर अवैध निर्माण हटाने की भी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई अन्य व्यक्ति इस प्रकार शासन की योजनाओं का दुरुपयोग न कर सके।

# प्रयाग पब्लिक स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, तहसील दिवस में शिकायत

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।



करहल कस्बे के मोहल्ला काजी निवासी सुरेखा देवी ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर प्रयाग पब्लिक स्कूल की भवन सुरक्षा और छात्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रशासन से विद्यालय का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है।

शिकायत के अनुसार विद्यालय में लगभग 800 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, लेकिन भवन में पर्याप्त खुला स्थान नहीं है। आरोप है कि स्कूल में आपातकालीन निकास (एग्जिट), अग्निशमन यंत्र, फायर अलार्म, इमरजेंसी लाइट सहित आवश्यक फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का अभाव है। शिकायतकर्ता का कहना है कि किसी भी आपदा की स्थिति में बच्चों की जान जोखिम में पड़ सकती है।

प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि विद्यालय परिसर में संचालित व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं। शिकायतकर्ता ने विद्यालय प्रबंधन पर अभिभावकों पर दबाव बनाने और शिकायत करने पर डराने-धमकाने का भी आरोप लगाया है।

सुरेखा देवी ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। यदि सुरक्षा मानकों में कमी पाई जाए तो आवश्यक सुधार कराए जाएं अथवा नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जाए। साथ ही पर्याप्त फायर सेफ्टी उपकरण, आपातकालीन निकास और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किए जाने तक आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

# दबंग पड़ोसी से परेशान महिला ने लगाई न्याय की गुहार

**रात में दीवार फांदकर घर में घुसने और गाली-गलौज का आरोप, तहसील में रो-रोकर महिला ने सुनाई आपबीती**

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।



कस्बा करहल के रामसनेही नगर निकट फायर स्टेशन की रहने वाली महिला ने अपने पड़ोसी पर लगातार उत्पीड़न करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा रात के समय दीवार फांदकर घर में घुस आने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने करहल तहसील मुख्यालय में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई और कार्रवाई की मांग की।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, रामसनेही नगर निवासी उषा देवी पत्नी अशोक कुमार ने बताया कि पड़ोसी सोकीन सिंह ने अपना मकान पड़ोस में बनाया है जिसके बाद से वह और उनका परिवार लगातार परेशान है। आरोप है कि आरोपी आए दिन उनकी छत पर चढ़कर गाली-गलौज करता है और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है।

महिला का कहना है कि कई बार रात में एक-दो बजे के बीच आरोपी दीवार फांदकर उनके घर में घुस आता है। इतना ही नहीं, कभी-कभी वह अन्य लोगों को साथ लेकर आता है और परिवार के आने-जाने में भी बाधा उत्पन्न करता है।

पीड़िता ने बताया कि इस संबंध में पहले भी थाना करहल में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आरोपी के हौसले बुलंद हैं। शिकायत के बाद भी वह लगातार उत्पीड़न कर रहा है, जिससे पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है।

शनिवार को करहल तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में महिला ने अधिकारियों के सामने रो-रोकर अपनी आपबीती सुनाई और आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। प्रार्थना पत्र में महिला ने प्रशासन से परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दबंग पड़ोसी द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई है।




## वसीयत और खतौनी में नाम दर्ज होने के बावजूद जमीन पर कब्जे का प्रयास, पीड़ित ने तहसील समाधान दिवस में लगाई न्याय की गुहार

**करहल, मैनपुरी।** कुर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर निवासी गिरजेश ने तहसील समाधान दिवस में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित का आरोप है कि उसके नाम वैध वसीयत होने तथा राजस्व अभिलेख (फर्द खतौनी) में नाम दर्ज होने के बावजूद गांव के कुछ नामजद दबंग उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। गिरजेश ने शिकायती पत्र में बताया कि विरोध करने पर आरोपियों ने रास्ते में घेरकर उसके साथ मारपीट की। उसका यह भी आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने उल्टा उसी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करा दी। पीड़ित का कहना है कि इसके बाद से आरोपी लगातार उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे वह और उसका परिवार भय के माहौल में जीवन यापन कर रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, अपनी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित कराने तथा जान-माल की रक्षा की मांग की है। तहसील समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने पीड़ित की शिकायत प्राप्त कर संबंधित विभाग को मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिन बाद नहर से बरामद हुआ कूदने वाली छात्रा का शव, इटावा के इकदिल में मिला शव, किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम

**शिकोहाबाद।** दो दिन पहले गुरुवार को छीछामई गांव के पास भोगनीपुर ब्रांच नहर में कूदी एक इंटर उत्तीर्ण करने वाली छात्रा का शव 48 घंटे बाद इटावा जिले के इकदिल के पास से नहर से बरामद हो गया है । लोहिया पुल से छलांग लगाने वाली यह छात्रा नहर में तेज बहाव होने के कारण तेजी से आगे बह गई थी, जबकि पीएसी के गोताखोर शुक्रवार को शिकोहाबाद क्षेत्र में ढूंढते रहे थे । इधर इटावा पुलिस की सूचना पर पहुंची शिकोहाबाद पुलिस ने 17 वर्षीय किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार निधि (17 वर्ष) पुत्री सुखबीर निवासी रहना, फिरोजाबाद अपने मौसा रामभरत के यहां ग्राम मोहब्बतपुर अहीर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। किशोरी का एक युवक से नजदीकियां हो गई थी। जब परिजनों ने किशोरी को डांट फटकार दिया, जिससे नाराज होकर किशोरी गुरुवार को घर से चली गई। परिजनों ने तलाश किया उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं लगा। उसके बाद परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया। लेकिन खोजने के दौरान किशोरी की चप्पल छीछामई नहर किनारे मिली। शुक्रवार को उसका कोई सुराग नहीं लगा था । इधर शनिवार की सुबह इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र से किशोरी का शव पुलिस को बरामद हो गया। सूचना पर पहुंची शिकोहाबाद थाना पुलिस ने शव को लाकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। छात्रा की मौत से उसके परिवार को कोहराम मच गया । इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि किशोरी का शव नहर से इटावा क्षेत्र से बरामद हो गया है।

# टूंडला में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 154 शिकायतों में 16 का मौके पर निस्तारण

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



तहसील टूंडला में शनिवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को सौंपे। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

ग्राम इमलिया के ग्रामीणों ने श्री महाराज धिराज रामेश्वर महाराज मंदिर की ग्राम पंचायत भूमि और धर्मशाला परिसर पर अवैध कब्जे की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी और थाना पचोखरा प्रभारी को सात दिन के भीतर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ग्राम सीवारा निवासी कुंती देवी ने अपने पति के मुकदमे में फर्जी सिटी स्कैन रिपोर्ट तैयार कर धाराएं बढ़ाने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मामले की निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम नगला दल निवासी वीरी सिंह ने भूमि विवाद और जान से मारने की धमकी की शिकायत की। जिलाधिकारी ने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने खतौनी के लिए लाइन में लगे किसानों की सुविधा के लिए पंखे लगाने तथा जनसुनवाई में आने वाले बुजुर्गों की शिकायतों को प्राथमिकता से सुनने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नगर पालिका को नियमित सफाई, समय पर कूड़ा उठान और जलभराव की समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में कुल 154 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

इसके बाद जिलाधिकारी ने टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर के साथ विपणन विकास सहायता योजना के तहत आयोजित एक दिवसीय जागरूकता शिविर में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# रौद्र हो रहीं गंगा, बढ़ते जल स्तर से बन रहे बाढ़ के हालात

- तट वर्तीय ग्रामों में घुस सकता है गंगा का पानी, फसली नुकसान का बड़ा अंदेशा
- जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारी चौकन्ने की जा रही निगरानी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



पहाड़ों पर हो रही अति वर्षा और बैराजों से गंगा नदी में हो रहा पानी का डिस्चार्ज ने कछला गंगा नदी की रौद्रता बढ़ा दी है, रौद्र होती गंगा नदी से बाढ़ के हालात बनते दिखाई दे रहे हैं गंगा में पानी का गेज निरंतर बढ़ रहा है जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग गंगा के हालातों पर नजर रखे हुए हैं अन्य विभागों को भी अलर्ट रहने की कहा है है।

बीते तीन दिनों में बैराजों गंगा में किए जा रहे पानी के डिस्चार्ज से गंगा नदी वे काबू होती जा रही अब गागा खतरे के केवल से ऊपर वह रही है जो कभी भी बाढ़ का रुप ले सकती है। हालातों पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग पूरी तरह अलर्ट है सिंचाई विभाग के अधिकारी निरंतर निगरानी कर रहे हैं तटवर्ती गांव की भी अलर्ट किया गया है। डीएम प्रणय सिंह ने लेखपालों को भी संबंधित ग्रामों में प्रवास करने के लिए निर्देश किया है स्वास्थ विभाग सहित अन्य विभागों को भी सतर्क रहने के लिए कहा है। शनिवार को गंगा नदी का जल स्तर 163.800मीटर रिकार्ड किया गया है।

गंगा का जल स्तर निरन्तर बढ़ रहा है। शनिवार की गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर वह रही है। विभाग किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने को तैयार है, गंगा की स्थिति पर नजर रखी जा रही है, सभी बाढ़ चौकियों पहले से ही सक्रीय थीं, सभी चौकियों को अलर्ट रहने को कहा है ।

-शरद सौरभ गिरी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग

# विश्वनाथ धाम के विकास को मिली बड़ी सौगात

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज।

- 96.44 लाख की परियोजना का विधायक ने किया शिलान्यास
- गुरुवार दोपहर 12:30 बजे हुआ शिलान्यास कार्यक्रम
- सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में शुरू हुई विकास परियोजना

विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के ग्राम खरसुलिया स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र विश्वनाथ धाम मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा 96 लाख 44 हजार रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में अलीगंज विधायक ठाकुर सत्यपाल सिंह राठौर ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद परियोजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया।

इसके बाद विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण कर विकास कार्यों की औपचारिक शुरूआत की। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी, श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

विधायक ठाकुर सत्यपाल सिंह राठौर ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। विश्वनाथ धाम क्षेत्र की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है और यहां स्वीकृत विकास कार्य पूरे होने के बाद श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की इस परियोजना के तहत मंदिर परिसर के विकास, सौंदर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इससे क्षेत्र की धार्मिक पहचान मजबूत होने के साथ स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने विकास कार्य शुरू होने पर खुशी जताई और उम्मीद व्यक्त की कि निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद विश्वनाथ धाम क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल बनकर उभरेगा।



## एसपी सिटी ने थाना नयागांव का औचक निरीक्षण कर संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**एटा।** आज शनिवार को पुलिस अधीक्षक नगर श्वेताभ पाण्डेय द्वारा थाना नयागांव का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना परिसर, बैरक, मैस, अभिलेख प्रबंधन, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, महिला सहायता डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस, कम्प्यूटर कक्ष, आगंतुक रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, रजिस्टर न० 4, रजिस्टर न० 8, मिशन शक्ति के काउंसलिंग रजिस्टर, कार्य वितरण आदि का निरीक्षण कर शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया गया एवं जनसुनवाई के दौरान आने वाले प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## 1, 43000 शिक्षामित्रों का भविष्य अधर में, पर्याप्त योग्यता होने पर भी नहीं मिल रहा न्याय

**एटा।** लंबे समय से चल रहा प्रदेश में लगभग 1, 43000 शिक्षामित्र का आंदोलन लगता है, एक बार फिर जैनजी के आंदोलन के बाद खड़ा होने जा रहा है। सूबे के शिक्षामित्र पिछले 26 वर्षों से बेसिक शिक्षा को तन मन से संचालित किए हुए हैं, लेकिन अध्यापक बनने की योग्यताएं स्नातक और बीटीसी प्रशिक्षण पाने के बाद भी अध्यापकों के समान कार्य करते हुए न्याय से वंचित हैं। इसीलिए शिक्षामित्रो ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को अपनी मांगों पर एक बार फिर ध्यान आकर्षित करने की मुहिम शुरू कर दी है। इस मुहिम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने जिला स्तर पर प्रदेश भर में सरकार के अंगीकृत विधायकों को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर मामले को सदन में ले जाने का मसौदा बनाया है। इसकी शुरूआत एटा में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मारहरा क्षेत्र के विधायक वीरेंद्र सिंह वर्मा को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर की है। मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित यह ज्ञापन विधायक वीरेंद्र सिंह वर्मा को सौंपते हुए उन्होंने अपनी मांग दोहराई है कि शिक्षकों को विभागीय टेट परीक्षा करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है, किंतु शिक्षामित्रो को इससे पृथक रखा गया है। 26 वर्षों के अनुभव और योग्यता को देखते हुए शिक्षामित्र को भी विभागीय टेट परीक्षा में सम्मिलित कराया जाए, इस तरह का पक्षपात कतई ना किया जाए, इसके अलावा प्रदेश में लगभग 60,000 शिक्षामित्र जो टेट परीक्षा उत्तीर्ण है, अध्यापक बनने की पूर्ण योग्यता रखते हैं, उन्हें अध्यापक पद पर समायोजित कराया जाए। यही नहीं वर्ष 2017 में हुए आंदोलन में 17 शिक्षामित्रो पर मुकदमे लगाए गए थे, उन्हें वापस लिया जाए और पूरी प्रक्रिया पूर्ण की जाए। विधायक वीरेंद्र सिंह वर्मा को ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता, हरिओम प्रजापति जिला महामंत्री, सुनील चौहान जिला कोषाध्यक्ष, एसके राजपूत जिला मीडिया प्रभारी , किशन शाक्य, भूपेंद्र यादव उपाध्यक्ष, विजय तिवारी, अनिल यादव, प्रशांत तिवारी, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पोर्टल पर ऑनबोर्ड न होने वाले बीज विक्रेता पर होगी कार्रवाई: की जा सकती है लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई

**कासगंज।** जिले के सभी बीज विक्रेताओं, डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स को भारत सरकार के साथी पोर्टल अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड होने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय सीमा तक पोर्टल पर पंजीकरण न कराने वाले लाइसेंसधारकों के विरुद्ध बीज लाइसेंस के निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा सकती है। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा बीज उत्पादन, प्रमाणीकरण एवं वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं डिजिटल बनाने के उद्देश्य से साथी पोर्टल संचालित किया जा रहा है। जनपद कासगंज में कुल 857 बीज लाइसेंसधारकों के सापेक्ष अब तक केवल 84 बीज विक्रेता ही पोर्टल पर ऑनबोर्ड होकर अपना व्यवसाय संचालित कर रहे हैं, जबकि शेष विक्रेताओं का पंजीकरण अभी लंबित है। उन्होंने सभी संबंधित लाइसेंसधारकों से अपील की है कि वे समय रहते साथी पोर्टल पर अपना पंजीकरण पूर्ण कर लें। यदि किसी विक्रेता को आईडी-पासवर्ड प्राप्त करने या पोर्टल पर ऑनबोर्ड होने में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है, तो वह जिला कृषि अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकता है। जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि समय सीमा के बाद बिना ऑनबोर्ड हुए बीज व्यवसाय संचालित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं में कासगंज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कासगंज।** जनपद कासगंज ने एक बार फिर ई-गवर्नेंस एवं नागरिक सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन प्रमाणपत्र आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जुलाई माह में 97.27 प्रतिशत निस्तारण दर के साथ उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में सर्वाधिक निस्तारण प्रतिशत वाला जिला रहा है। ई-डिस्ट्रिक्ट उत्तर प्रदेश शासन की एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है, जिसके माध्यम से नागरिक आय, जाति, निवास, तथा अन्य विभिन्न प्रमाणपत्रों एवं सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस व्यवस्था से नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति मिली है तथा सेवाओं की पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सुनिश्चित हुई है। डीएम प्रणय सिंह के कुशल नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में जनपद कासगंज में ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के प्रभावी संचालन हेतु नियमित समीक्षा, सुदृढ़ मॉनिटरिंग तथा विभागीय समन्वय को प्राथमिकता दी गई। जुलाई माह के दौरान प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विशेष प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप जनपद को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंसुल माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई माह के दौरान जनपद में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर कुल 24,083 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 23,425 आवेदनों का निस्तारण किया गया, जिनमें 21,667 आवेदन स्वीकृत किए गए। इस प्रकार जिले की कुल निस्तारण दर 97.27 प्रतिशत रही, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। जिलाधिकारी श्री प्रणय सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित विभागों, तहसील स्तरीय अधिकारियों, ई-डिस्ट्रिक्ट टीम तथा कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता टीमवर्क, सतत निगरानी और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

## निषाद पार्टी ने संवैधानिक सूचीबद्ध मझवार तुरैहा 'एस.सी. आरक्षण नहीं - तो वोट नहीं' की आवाज बुलंद कर सदन में उठाने हेतु विधायक अलीगंज ठा. सत्यपाल सिंह राठौर को सौंपा ज्ञापन

**अलीगंज ( एटा )।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री महामना डॉक्टर संजय कुमार निषाद राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी के आह्वान पर आज शनिवार को अलीगंज में निषाद पार्टी के सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल सिंह कश्यप एवं जिलाध्यक्ष राकेश कश्यप के नेतृत्व में सैकड़ो की तादाद में एकत्रित होकर कश्यप निषाद समुदाय को संवैधानिक सूचीबद्ध अनुसूचित जाति आरक्षण दिलाए जाने के लिए आगामी 3 अगस्त से प्रारंभ हो रहे विधानसभा सत्र में आवाज उठाने के लिए विधायक अलीगंज ठाकुर सत्यपाल सिंह राठौर को ज्ञापन सौंपा है ! निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल सिंह कश्यप एवं जिला अध्यक्ष राकेश कश्यप ने बताया कि गत 31. 12 .2016क्ष को निर्गत शासनादेश के अनुसार निषाद, केवट,मल्लाह ,कश्यप,धीमर,बिंद ,बाथम, तुरैहा ,गोडिया ,माझी ,मछुआ जातियों को पिछड़ी जाति से की सूची से निकाल दिया गया है ! फिर भी तहसील स्तर पर विशेष रूप से तहसीलदारों द्वारा उपरोक्त संशोधन का अनुपालन न करते हुए उपरोक्त जातियों को पिछड़ी जाति के प्रमाण पत्र जारी हो रहे हैं , जो कि नियमानुसार असंवैधानिक एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा जारी अधिसूचना का स्पष्ट उल्लंघन है ! रामपाल सिंह कश्यप ने पिछडी जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने तथा अनुसूचित जाति मझवार एवं तुरैहा का प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने के लिए माननीय विधायक से विधानसभा सदन में आवाज उठाऐ जाने की मांग की है। इस अवसर पर पार्टी के नगर अध्यक्ष सुखबीर सिंह कश्यप , ब्लॉक जैथरा के अध्यक्ष दिनेश चंद्र कश्यप, युवा मोर्चा जैथरा के अध्यक्ष महेश चंद्र कश्यप , रामवृक्ष कश्यप, राजेंद्र कश्यप , आनंद कश्यप, कल्लू कश्यप , विशाल कश्यप, कैलाश चंद्र कश्यप, सर्वेश कश्यप प्रियांशू कश्यप ,रजत कश्यप , प्रेमचंद कश्यप,रामचंद्र कश्यप, रजनेश कश्यप, सोनू , गुड्डू, राजपाल , रामवीर, सोरन, राजपाल , बच्चन लाल,किशोर कश्यप, झब्बू लाल कश्यप , अवधेश, महावीर, भुवनेश कश्यप , वीरपाल आदि सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसएसपी ने कांवड़ियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

वर्तमान में संचालित पवित्र कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जि. द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत कांवड़ रूट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकएटा द्वारा महाराणा प्रताप चौक, गुरुकुल तिराहा, हाईवे अंडरपास सहित प्रमुख कांवड़ मार्गों का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था, रूट डायवर्जन, बैरिकेडिंग, संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा प्रबंध तथा कांवड़ मार्ग पर लगाए गए चेतावनी एवं सांकेतिक बोर्डों का गहन निरीक्षण किया। इसके साथ ही कोतवाली देहात क्षेत्र के गिरौरा स्थित मरकुटिया मंदिर पर विश्राम कर रहे कांवड़ियों से आत्मीय संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा उन्हें पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुरक्षा एवं सहायता व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने पुलिस सहायता केंद्रों, मेडिकल बूथों, शिविरों एवं भंडारों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हुए सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहे। जनपद एटा पुलिस कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की लगी झड़ी

## डीएम, एसपी ने फरियादियों को सुनकर समस्याओं को किया निराकरण

- कुल 75प्रार्थना पत्रों में से पांच का मौके पे ही किया गया निस्तारण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।




तहसील पटियाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने फरियादियों को सुनकर उनकी समस्याओं और शिकायतों के निराकरण का प्रयास किया।कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

डीएम प्रणय सिंह एवं एसपी ओम प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से जनसामान्य की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, स्वास्थ्य, विद्युत, नगर निकाय तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने 15 मामलों का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया जाए तथा अनावश्यक विलंब न होने पाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परियोजना निदेशक, सीओ, ईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीओ सदर ने पिलुआ क्षेत्रांतर्गत कांवड़ मार्ग का भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

एटा। शनिवार को क्षेत्राधिकारी सदर संकल्पदीप कुशवाह द्वारा कांवड़ यात्रा/श्रावण मास को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से थाना पिलुआ क्षेत्रांतर्गत कांवड़ मार्ग का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, पुलिस सहायता केंद्र तथा कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन हेतु की गई पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था का प्रभावी संचालन, सतत पेट्रोलिंग तथा संदिग्ध व्यक्तियों/गतिविधियों पर विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए।

साथ ही कांवड़ ड्यूटियों को चैक करते हुए ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध, संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को किया जवाबदेह

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी, लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं : जिलाधिकारी अरविन्द सिंह

शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर एटा में जिलाधिकारी अरविन्द सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इला मारन जि ने जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस केवल शिकायत प्राप्त करने का मंच नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं के स्थायी एवं प्रभावी समाधान का माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उसकी गहनता से जांच कराई जाए तथा आवश्यकतानुसार राजस्व, पुलिस एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक प्रकरण का ऐसा समाधान सुनिश्चित करें, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो तथा शासन की जनकल्याणकारी मंशा धरातल पर प्रभावी रूप से दिखाई दे। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर समयसीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इला मारन जि ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में पीड़ित को शीघ्र न्याय दिलाना पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सदर में कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील अलीगंज में 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का तत्काल समाधान कराया गया। तहसील जलेसर में 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रेषित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

तहसील जलेसर में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) तथा तहसील अलीगंज में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, उपजिलाधिकारी श्वेता सिंह, तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय, नायब तहसीलदार सुशील कुमार एवं आकाश लवानिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, उपनिदेशक कृषि सुमित कुमार, खंड विकास अधिकारी शीतलपुर अजीत सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत सत्यनारायण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समस्त थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# सेवानिवृति पर पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

## एसपी ने की सेवानिवृत पुलिस कर्मियों के कार्यकाल की सराहना

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- स्मृति चिह्न भेट कर ओढ़ाई शाल पहनाए पुष्प हार

पुलिस कार्यालय में विदाई कार्यक्रम हुआ जिसमें सेवानिवृत होने वाले पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को विदाई दी गई। एसपी ने सेवा निवृति पर जा रहे पुलिस कर्मियों के सेवा काल की सराहना की। पुष्प हार पहनाये स्मृति चिन्ह भेट किए।

सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षकओपी सिंह द्वारा शॉल, फूल-मालाएं पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी एएसपी सुशील कुमार ने कहा कि पुलिस सेवा में रह कर सभी ने अपने कर्तव्य और ड्यूटी का ईमानदारी से पालन किया। उन्होंने खा सेवा निवृति के बाद भी सभी समाज को ओर आवश्यकता पर विभाग को अपनी सेवाएं देते रहेंगे। एएसपी ने



भी पुलिसकमीओं के द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये सेवाकाल एवं योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं । सेवा निवृत होने बालों में इंस्पेक्टर चतर सिंह राजौरा, उपनिरीक्षक उदय सिंह चाहर,पूरन सिंह, सत्यपाल सिंह, दुष्यन्त कुमार एलआईयू , जितेन्द्र सिं,श दीपक कुमार ,एस.आई.एम.,अब्दुल बसी, मुख्य आरक्षी राजेन्द्र सिंह कम्बोद , राजकुमारी शामिल हैं।

क्षेत्राधिकारी श दुर्गेश कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष सिंह एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी के परिवारीजन एवं अन्य अधिकारीएवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।



# 'कला मंथन' में गूँजा डिजिटल युग का संकट

## 'तकनीक को सेवक रहने दें, मालिक न बनने दें'

"तकनीक विकास के लिए है, विनाश के लिए नहीं। जब कोई सुविधा 'लत' बन जाती है, तो वह बीमारी का रूप ले लेती है। हमें तकनीक का गुलाम बनने के बजाय इसका विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा।"

टीएनएफ टुडे, आगरा।

डिजिटल क्रांति के इस दौर में जहाँ एक ओर मोबाइल ने जीवन को बेहद आसान बनाया है, वहीं दूसरी ओर इसने हमारी मानवीय संवेदनाओं, स्वास्थ्य और पारिवारिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दिया है। इसी गंभीर विषय पर मंथन करने के उद्देश्य से 'TNF Today' (थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे) एवं इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस (आई.एस.एस.), डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के संयुक्त तत्त्वावधान में सांस्कृतिक संवाद की साप्ताहिक श्रृंखला 'कला मंथन' का भव्य आयोजन किया गया।

पालीवाल पार्क स्थित आई.एस.एस. परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय "मोबाइल के बढ़ते उपयोग से टूटते पारिवारिक रिश्तेः डिजिटल युग की चुनौतियाँ" रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन के बीच अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों और साहित्यकारों ने समाज को इस 'डिजिटल महामारी' से बचाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया।



अशोक चौबे जी व. अधिवक्ता



एडवोकेट नरेश



विजय गोयल व. पत्रकार



टीएनएफ टुडे के सम्पादक धीरज शर्मा



आरती शर्मा कवित्री



संयोजक संजय कुमार अधिवक्ता

### काव्य की छाँव में कड़वी सच्चाईः ब्रज भाषा में व्यंग्य-प्रहार

कार्यक्रम के प्रथम सत्र की शुरूआत साहित्यिक गरिमा के साथ हुई। आमंत्रित कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से माहौल को जीवंत कर दिया।

विशेष रूप से ब्रज भाषा में प्रस्तुत हास्य-व्यंग्य ने श्रोताओं को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया, लेकिन साथ ही सोचने पर भी विवश किया। कवियों ने अपनी रचनाओं में दशार्या कि कैसे आज रसोई से लेकर शयनकक्ष तक मोबाइल ने अपनी जगह बना ली है। रील बनाने की सनक, बात-बात पर वीडियो कॉल, सोशल मीडिया की अफवाहें और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का डर आज हर घर में कलह की वजह बन रहा है। कवियों ने चुटीले अंदाज में कहा कि "आज इंसान अपनों से दूर और स्क्रीन के नजदीक होता जा रहा है।"

### स्कूली होमवर्क और मोबाइल निर्भरता पर तीखे सवाल

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक चौबे (डीजीसी रेवेन्यू) और वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा ने बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत पर गहरी चिंता जताई।

वक्ताओं ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली की व्यावहारिक खामियों को उजागर करते हुए कहा कि एक तरफ तो सरकार और मुख्यमंत्री जी छोटे बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की अपील करते हैं, वहीं दूसरी तरफ स्कूल अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़कर सारा होमवर्क और नोटिफिकेशन वॉट्सऐप पर भेज रहे हैं। बच्चा 5-6 घंटे स्कूल और ट्यूशन में बिताता है, फिर भी अभिभावकों को मजबूरी में उसके हाथ में स्मार्टफोन थमाना पड़ता है। पढ़ाई के नाम पर बच्चा स्क्रीन पर क्या देख रहा है, इस पर नजर रखना असंभव होता जा रहा है। वक्ताओं ने सरकार एवं प्रशासन से माँग की कि स्कूलों में पुरानी डायरी व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए और मोबाइल पर होमवर्क भेजना बंद हो।



संगोष्ठी में मौजूद अधिवक्तागण।

### विद्वानों और अधिवक्ताओं का वैचारिक मंथन

कार्यक्रम में एडवोकेट बबिता शांत, डॉ. हृदयेश कुलश्रेष्ठ, एडवोकेट रूपेश भारद्वाज और अन्य वक्ताओं ने विषय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालाः

**संवादहीनता और बिखरते परिवारः** वक्ताओं ने कहा कि आज 'हम दो, हमारा एक' वाले एकल परिवारों में माता-पिता दोनों कामकाजी हैं। समय की कमी के कारण वे बच्चों को बहलाने के लिए मोबाइल थमा देते हैं। इसका दुष्परिणाम यह है कि चाचा, ताऊ, मौसी जैसे आत्मीय रिश्ते बच्चों के जीवन से गायब हो रहे हैं और उनकी जगह भौतिकवादी गैजेट्स ने ले ली है।

गर्भावस्था से ही शुरू हो रहा खतराः वक्ता बबिता शांत ने कहा कि मोबाइल की लत का असर अब अजन्मे बच्चे पर भी पड़ रहा है। गर्भावस्था के दौरान माताओं द्वारा अत्यधिक स्क्रीन का उपयोग और प्रसव के तुरंत बाद बच्चों का स्क्रीन के संपर्क में आना उनके मानसिक विकास को प्रभावित कर रहा है। आज स्थिति यह है कि बच्चे बिना स्क्रीन देखे खाना तक नहीं खाते।

स्वास्थ्य और मानसिक तनावः देर रात तक मोबाइल देखने से निकलने वाली ब्लू-लाइट दिमाग को भ्रमित करती है, जिससे अनिद्रा (Insomnia), तनाव और आँखों के रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।

**सकारात्मक पक्ष और सुरक्षाः** वक्ताओं ने स्वीकार किया कि 1986 की संचार क्रांति के बाद मोबाइल ने कानूनी निर्णयों (रूलिंग्स), डिजिटल भुगतान (RTGS/NEFT) और ज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। मोबाइल बुरा नहीं है, बल्कि उसका 'ड्राइवर' (उपयोगकर्ता) कैसा है, यह बात मायने रखती है।

### समाधान का मार्गः 'डिजिटल फास्ट' और व्यावहारिक नियम

कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने केवल समस्याओं पर रोने के बजाय व्यावहारिक समाधान अपनाने पर जोर दियाः

**डिजिटल फास्ट (Digital Fast):** हफ्ते में कम से कम एक दिन परिवार के सभी सदस्य मोबाइल पूरी तरह बंद रखकर एक-दूसरे के साथ समय बिताएँ।

नो-फोन जोन और पीक आवर्सः सुबह उठने के तुरंत बाद और शाम को परिवार के साथ रहने के 'पीक आवर्स' में मोबाइल से दूरी बनाएँ।

निजी व व्यावसायिक जीवन में सीमाः रात को व्यावसायिक कॉल्स बंद रखें ताकि मानसिक शांति बनी रहे।

**बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम तय होः** बच्चों के लिए सोशल मीडिया और स्क्रीन का समय व उम्र सीमा सख्ती से लागू की जाए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक एडवोकेट संजय कुमार और संस्थापक व संपादक धीरज शर्मा की मुख्य भूमिका रही। आयोजकों ने कहा कि अखबार और मीडिया समाज को जागरूक करने का दर्पण हैं, और 'TNF Today' द्वारा उठाई गई यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। अंत में मुख्य अतिथियों और सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दर्द की डायग्नोसिस पर रेफरल कमीशन नहीं देते डा. मुनीश्वर गुप्ता

**बाग फरजाना स्थित ईशा डायग्नोस्टिक्स पर होती हैं सबसे सस्ती सीटी स्कैन और एमआरआइ जांच**

**रात में एमआरआइ की समस्त जांचें बहुत ही कम शुल्क पर उपलब्ध कराने वाला अनोखा सेंट**

टीएनएफ टुडे, आगरा।

बीमारी किसी भी व्यक्ति को शारीरिक कष्टों के साथ ही महंगे इलाज के कारण आर्थिक रूप से और बेहाल कर देती है। जो दर्द से परेशां है, उस पर जांच के नाम पर रुपये का बोझ डालना न तो व्यावहारिक है और न ही मानवीय। वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डा. मुनीश्वर गुप्ता इसी सोच और संकल्प के साथ अपने ईशा डायग्नोस्टिक्स पर दर्द पर कमीशन नहीं लेते हैं। पिछले 33 वर्षों से इस प्रकल्प पर चल रहे डा. गुप्ता को कमीशन के बाजार ने कई बार बाधित करने की कोशिश की लेकिन, धुन के पक्के डा. गुप्ता ने कभी हार नहीं मानी और न विचलित हुए। आइए जानते हैं उनसे उनके इस हमदर्द भरे सफर के बारे में-

### कमीशन न लेने का संकल्प कैसे लिया

डा. गुप्ता बताते हैं कि करीब 33 साल पहले जब उन्होंने खंदारी पर ईशा डायग्नोस्टिक्स शुरू किया तभी कमीशन प्रथा को कतई स्वीकार न करने का संकल्प ले लिया था। उस समय अपने तमाम मित्रों, परिचितों से भी स्पष्ट कहते थे कि रेफरल कमीशन नहीं देंगे। कुछ मित्र अचंभे में पड़ते तो कुछ आगाह करते। एक साथी ने दो टूक कहा था कि बगैर कमीशन अपना सेंटर नहीं चला पाओगे। डा. गुप्ता कहते हैं कि हम उनकी बात से विचलित नहीं हुए बल्कि संकल्प और मजबूत हुआ।



वो बताते हैं कि उस दौर में जब सीटी स्कैन 22 सौ रुपये में हुआ करती थी, तब हम 12 सौ रुपये में किया करते थे। तमाम साजिशों के

**आदर्श डॉक्टर**

बावजूद हम आगे बढ़ते रहे। पहले ही वर्ष औसतन हर रोज 10 मरीज का फुटफॉल रहा था, जो एक बड़ी बात थी।

### बाजार के विपरीत जाने पर दिक्कत तो आईं ही होंगी

डा. गुप्ता ने बताया कि जब आप विपरीत धारा में बहेंगे तो बाधाएं आएंगी ही। हमें इसका आभास था लेकिन, चिंता नहीं की। वो बताते हैं कि जब हम मरीज को रेफर करने की एवज में कमीशन नहीं देते तो हमारे यहां रेफरल मरीज कम हो गए। लेकिन, सस्ती और अत्याधुनिक मशीन से गुणवत्तापरक जांच से आम मरीजों का विश्वास बढ़ा। एक आकलन के अनुसार, अब हमारे यहां बमुश्किल 20 प्रतिशत रेफर्ड मरीज आते हैं जबकि 80प्रतिशत मरीज सीधे आते हैं। बाजार में रेफरल कमीशन का एक उदाहरण भी दिया। एक सरकारी कर्मचारी की मां की एमआरआइ एक सेंटर पर 23 हजार रुपये में बताई थी। कर्मचारी अपनी मां को लेकर हमारे यहां आए और यहां मात्र 8200 रुपये में वही जांच हो गई।

### सेंटर संचालन के लिए क्या तरीका अपनाया

डा. गुप्ता बताते हैं कि मार्केटिंग में एक पर एक फ्री तो अब चलन में आया, हमने तो 33 साल पहले ही ये स्कीम शुरू कर दी। किसी मरीज की दो जांच होती हैं तो आम सेंटर दोनें के अलग-अलग चार्ज करते थे, आज भी करते हैं। लेकिन, हमने दो जांचों के अलग-अलग चार्ज के बजाए एकमुश्त शुल्क निर्धारित कर दिया। इससे मरीजों को भी लाभ हुआ और हमें भी सेंटर संचालन में कोई आर्थिक रूप से कोई परेशानी नहीं आई। आज भी इसी नीति पर काम कर रहे हैं।

### रात में भी सुविधा देने का विचार कैसे आया

डा. गुप्ता ने बताया कि गंभीर बीमारी की जांच को एमआरआइ अनिवार्य सा हो गया है। शहर में तमाम सेंटर होने के बावजूद मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस इंतजार में उनका दर्द और बढ़ जाता है। हमने मरीजों को लाभ देने के उद्देश्य से रात 10 बजे से प्रातः आठ बजे तक सस्ते शुल्क पर जांच की सुविधा शुरू की है। ब्रेन आदि की एमआरआइ मात्र 2500 रुपये में हो जाती है। पूरे स्पाइन की एमआरआइ 3500 रुपये में करते हैं। जबकि, अन्य सेंटरों पर इसके चार्ज कई गुना ज्यादा होते हैं।

### 20 प्रतिशत छूट अहसान नहीं, आपकी जेब ही कट रही

रेफरल मरीजों की संख्या बढ़ाने के लिए कुछ समय पहले डायग्नेसिस संचालकों ने एक योजना बनाई। एक मीटिंग की। इसमें जांच शुल्क 20 प्रतिशत बढ़ाने का निश्चय कर लिया। ये लागू भी हो गया। इसके बाद डाक्टरों को ऑफर दिया गया कि आप मरीज को रेफर करते समय 20 प्रतिशत छूट मेंशन कर दें। इसके पीछे मंशा ये थी कि 20 प्रतिशत छूट की लिखित देख तीमारदार डाक्टर साहब को बारंबार धन्यवाद देने लगता और सीधे रेफरल सेंटर पर ही जाता।